दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 180 | जयपुर, रविवार, 09 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष-तृतीया, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### नीट रिजल्ट मामले में बनी कमेटी, एक सप्ताह में रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** नीट के रिजल्ट में कथित गड़बड़ी के बाद मचे हंगामे और सीबीआई जांच की मांग के बीच एनटीए शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने यूपीएससी के पूर्व चेयरमैन की अगुवाई में ग्रेस मार्क्स मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी बनाई है। जो एक सप्ताह में रिपोर्ट देगी। स्टूडेंट्स को ग्रेस अंक देने से नतीजों या क्वालिफाइंग क्राइटेरिया में कोई फर्क नहीं पड़ा है। एनटीए ने पेपर लीक होने के आरोपों को भी खारिज कर दिया। एनटीए डीजी सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि यह मामला 1600 स्टूडेंट्स का है। जरूरत पड़ेगी तो इनका रिजल्ट संशोधित किया जा सकता है। -पेज 5 भी देखें

### टी20 वर्ल्ड कप: भारत Vs पाक मैच आज



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों के बीच रविवार को हाईवोल्टेज मैच खेला जाएगा। टी20 वर्ल्ड कप में दोनों टीमें भिड़ेंगी। आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच जीतकर टीम इंडिया के हौसले बुलंद हैं, वहीं यूएसए से मिली शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान का मनोबल गिरा हुआ है। फिर भी, टीम इंडिया अपने चिर प्रतिद्वंद्वी को हल्के में लेने की भूल कतई नहीं करेगी। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ग्रुप के सभी चारों मैच न्यूयॉर्क में ही खेलेगी।

### रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी का निधन



**हैदराबाद।** ईनाडु और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का आज सुबह हैदराबाद तेलंगाना में 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। हैदराबाद के स्टार अस्पताल में इलाज के दौरान रामोजी राव की सुबह 3:45 बजे मृत्यु हुई। कुछ दिन पहले ही वे स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण अस्पताल में भर्ती हुए थे। उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान से किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भर्ती परीक्षाओं के संबंध में ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश...

# पारदर्शी व निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया राज्य सरकार की प्राथमिकता

### लंबित भर्ती परीक्षाएं शीघ्र कराएं आयोजित | नवनियुक्त कार्मिकों को देंगे विशेष प्रशिक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवा पीढ़ी के सपनों को साकार करने और उनके सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को बेरोजगारी के दंश से मुक्ति दिलाने के लिए सभी भर्तियों को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से तय समय में पूरा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। शर्मा ने कहा कि



वर्तमान सरकार के कुछ ही महीनों के कार्यकाल में अब तक विभिन्न विभागों में साढ़े 16 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी है। शर्मा ने कहा कि 29 जून को राज्य के विभिन्न विभागों में 7 हजार से अधिक पदों पर हुई भर्ती परीक्षाओं के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में विभिन्न विभागों में रिक्त पदों एवं प्रक्रियाधीन भर्तियों के संबंध में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश किए कि समस्त विभाग भर्तियों के लक्ष्य निर्धारित कर भर्ती एजेंसी को हर वर्ष दिसंबर में अर्थना प्रेषित करें एवं भर्ती एजेंसियां कैलेंडर जारी कर समयबद्ध परीक्षा करवा परिणाम घोषित करना सुनिश्चित करें।

### सफाई कर्मी भर्ती की 10 दिन में निकालें लॉटरी

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों में लंबित भर्तियों को शीघ्र करने पर जोर देते हुए स्वायत्त शासन विभाग में सफाई कर्मी भर्ती की लॉटरी 10 दिन में निकालने व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग ऑफिसर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, फार्मासिस्ट व खाद्य सुरक्षा अधिकारी के 14 हजार से अधिक पदों पर शीघ्र नियुक्ति के निर्देश दिए। विशेष रूप से कांस्टेबल भर्ती में अभ्यर्थियों की 13-14 जून की कम्प्यूटर परीक्षा तथा कनिष्ठ सहायकों के पदों पर भी शीघ्र परीक्षा आयोजित कराने के लिए निर्देशित किया।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, एसीएस सीएमओ शिखर अग्रवाल, एसीएस चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह, एसीएस वित्त अखिल अरोरा, एसीएस गृह आनंद कुमार, एसीएस सार्वजनिक निर्माण संदीप वर्मा तथा एसीएस परिवहन श्रेया गुहा सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

### गत सरकार में हुआ युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि गत सरकार के कार्यकाल में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार पेपरलीक और नकल के मामले सामने आने के बाद राज्य का युवा निराशा में डूब गया था।

## PM मोदी के शपथ ग्रहण की तैयारियां पूरी...

# सुरक्षा चाक-चौबंद, देश-विदेश की कई हस्तियां होंगी शामिल

■ राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट की हुई भव्य सजावट ■ पूरा परिसर को फूलों और पौधों से संवरा

### ■ करीब 8000 मेहमान आएंगे ऐतिहासिक आयोजन में

**बेधड़क** | नई दिल्ली

राष्ट्रपति भवन में 9 जून यानी रविवार शाम 07.15 बजे होने वाले भव्य शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां लगभग पूरी हो गयी हैं। राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट को भव्य तरीके से सजाया संवारा गया है। फोरकोर्ट में एक विशेष मंच तैयार किया गया है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे।

केंद्रीय एजेंसी CPWD की देखरेख में पूरे परिसर को विशेष फूलों और सजावटी पौधों से सजाया गया है। ऐतिहासिक राष्ट्रपति भवन की इमारत को विशेष रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया है। विशिष्ट मेहमानों के स्वागत के लिए रेड कारपेट्स भी लगाए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक करीब 8000 मेहमान इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेंगे। साल 2014 और 2019 में भी नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में ही एक भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी।

बहरहाल, रविवार को इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत के कई पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। मोदी के शपथग्रहण समारोह में कई देशों के दो राष्ट्रपति, एक उपराष्ट्रपति और चार प्रधानमंत्री शामिल होंगे। पेज -8 पेज भी देखें



### 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को प्राथमिकता

पीएमओ के मुताबिक, "प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए नेताओं की यात्रा भारत द्वारा अपनी 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए है।"

### ये हैं विशिष्ट अतिथि

विशिष्ट अतिथियों में दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन की वरिष्ठ सहायक लोको पायलट ऐश्वर्या एस मेनन, जो वंदे भारत ट्रेनों पर काम करती हैं, को नई सरकार (18वीं लोकसभा) के शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। ऐश्वर्या मेनन ने वंदे भारत एक्सप्रेस और जन शताब्दी जैसी प्रतिष्ठित ट्रेनों में 2 लाख से अधिक फुटप्लेट घंटे चलाने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।



### ये विदेशी राष्ट्र प्रमुख होंगे शामिल

प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से पूर्व में जारी एक रिलीज के मुताबिक, "श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधान मंत्री, शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधान मंत्री प्रविंद कुमार जुगनुथ, नेपाल के प्रधान मंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधान मंत्री शेरिंग टोबगे ने भाग लेने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। बांग्लादेश की प्रधान मंत्री, शेख हसीना पहली अति विशिष्ट अतिथि हैं, जो शुक्रवार को दिल्ली पहुंच गई। शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के अलावा ये अति विशिष्ट अतिथि उसी शाम राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित भोज में भी शामिल होंगे।

### नई सरकार में कौन बनेगा मंत्री... मंथन जारी

नई सरकार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विभिन्न दलों के लिए मंत्रिपरिषद में हिस्सेदारी को लेकर भाजपा के शीर्ष नेता और सहयोगी दलों के बीच शनिवार को गहन विचार-विमर्श चला। अमित शाह और राजनाथ सिंह के अलावा पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जैसे वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सरकार में प्रतिनिधित्व को लेकर तेलुगु देशम पार्टी के एन. चंद्रबाबू नायडू, जेडी(यू) के नीतीश कुमार और शिवसेना के एकनाथ शिंदे सहित सहयोगी दलों से परामर्श किया।

### सेंट्रल विस्टा के श्रमिक व ट्रांसजेंडर आएंगे

इसके अलावा सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट में काम करने वाले कुछ मजदूरों के साथ-साथ ट्रांसजेंडर्स, स्वच्छता कार्यकर्ता, केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों और विकसित भारत के एंबेसडरों को भी निमंत्रित किया गया है।

### विपक्ष के शामिल होने पर यह बोले रमेश

रिपोर्ट के अनुसार जयराम रमेश ने इंडिया गठबंधन के नेताओं के शपथ ग्रहण में शामिल होने के सवाल पर शनिवार शाम को कहा, "शपथ ग्रहण समारोह के लिए केवल अंतरराष्ट्रीय नेताओं को आमंत्रित किया गया है। हमारे नेताओं को अभी तक निमंत्रण नहीं मिला है। जब हमारे भारतीय गठबंधन के नेताओं को निमंत्रण मिलेगा, तब हम इस बारे में सोचेंगे।"

## सोनिया बनीं संसदीय दल की अध्यक्ष

# राहुल होंगे लोकसभा में विपक्ष के नेता!



**बेधड़क** | नई दिल्ली

सोनिया गांधी को कांग्रेस संसदीय दल का अध्यक्ष चुन लिया गया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद के सेंट्रल हॉल में पार्टी नेताओं की बैठक में सोनिया के नाम का प्रस्ताव रखा। गौरव गोगोई और तारिक अनवर ने इसका समर्थन किया। इससे पहले कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने का भी प्रस्ताव रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक CWC बैठक में यह संकेत भी मिला है कि राहुल वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली सीट अपने पास रखेंगे।

### 10 साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली

लोकसभा में पिछले 10 साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली है। 2014 में कांग्रेस को 44 सीटें और 2019 में 52 सीटें मिली थीं। भाजपा के बाद सबसे ज्यादा सीटें कांग्रेस को मिली थीं। फिर भी कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी नहीं मिली थी।

### राहुल को नेता प्रतिपक्ष बनाने का प्रस्ताव पारित

दिल्ली के अशोका होटल में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक करीब 3 घंटे चली। राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने के लिए पार्टी सांसदों ने एक प्रस्ताव भी पारित किया। इस पर राहुल ने कहा, 'मुझे सोचने का वक्त दीजिए।' यह पद पिछले 10 साल से खाली है। -पेज 7 भी देखें

## प्रदेश के किसानों को सीएम की सौगात

# किसान सम्मान निधि में अब 8 हजार मिलेंगे

**जयपुर** । लोकसभा चुनाव के खत्म होने के साथ ही प्रदेश की भजनलाल सरकार एक्शन मोड पर आ गई है। शनिवार को दिल्ली दौरे से लौटते ही सीएम भजनलाल शर्मा ने किसानों के लिए राहत भरी घोषणा की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 2 हजार रुपए देने की घोषणा की है। इसी योजना में केंद्र सरकार पहले से ही किसानों को 6 हजार रुपए दे रही है। अब कुल 8 हजार रुपए किसानों को हर साल मिलेंगे। शनिवार को सीएम ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'X' पर दी।



### 12 हजार रुपए तक बढ़ाई जाएगी राशि

भाजपा ने किसानों को दी जाने वाली सम्मान निधि को बढ़ाने का वादा चुनावी घोषणा पत्र में किया था। वादा किया गया था कि किसान सम्मान निधि को हर साल बढ़ाकर 12 हजार रुपए की जाएगी। सरकार 4000 रुपए की राशि बढ़ाने की भी तैयारी कर रही है।

## एसआई पेपर लीक प्रकरण में कार्रवाई

# एसओजी ने 3 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर सहित 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार

- राजू मैट्रिक्स ने 13 सितंबर को हुए हिंदी व जीके के पेपर का फोटो भेजा पोरव कालेर व प्रवीण को
- एसओजी ने डमी परीक्षा ली तो रैंक हासिल करने वाले 50 फीसदी अंक ही प्राप्त कर सके

**बेधड़क** | जयपुर

एसओजी ने 3 ट्रेनी एसआई सहित पेपर लीक करने वाले 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 50 हजार रुपए के इनामी पारेव कालेर की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में खुलासा हुआ कि पोरव कालेर गैंग ने 13 सितंबर 2021 को बीकानेर की रामसहाय आदर्श सेकेंडरी स्कूल से हिंदी व जीके का परीक्षा से पहले पेपर लीक किया था।

गैंग ने पेपर को सॉल्व करवाने के बाद बेचा था। अब तक एसओजी की जांच में जगदीश बिश्नोई गैंग द्वारा शांति नगर सोडाला स्थित रविंद्र बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 14 व 15 सितंबर 2021 का हिंदी व जीके के चारों पेपर लीक होना सामने आया था।



प्रभा बिश्नोई



नरेशदान चारण



दिनेश सिंह चौहान



पोरव कालेर

### इनको किया गिरफ्तार

एसओजी में एडीजी वीके सिंह ने बताया कि पोरव कालेर निवासी छापर चूरू हाल बीकानेर, प्रवीण बिश्नोई रायसिंह नगर श्रीगंगानगर हाल मूर्ति कॉलोनी वैशाली नगर जयपुर, दिनेश सिंह चौहान निवासी मुक्ता प्रसाद नगर बीकानेर, नरेश चारण निवासी कोलायत बीकानेर को सॉल्व कर पेपर लीक करके लाखों रुपए में बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया। वहीं, आरपीए में ट्रेनी एसआई मनीषा सिहाग-गंगाशहर बीकानेर व अंकिता गोदारा निवासी नोखा बीकानेर और जोधपुर आरपीटीसी से प्लाटून कमांडर की ट्रैनिक कर रही प्रभा बिश्नोई को पोरव कालेर गैंग से लीक पेपर खरीद कर परीक्षा से पहले पढने के बाद परीक्षा देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### पेपर लीक के साथ सॉल्वड पेपर को 10-10 लाख रुपए में बेचा

पोरव कालेर से पूछताछ में सामने आया कि रामसहाय सेकेंडरी स्कूल बीकानर के संचालक दिनेश सिंह चौहान को उसके परिचित राजू मैट्रिक्स के माध्यम से दोनों परियों के पेपर के 10 लाख रुपए दिए। इसके बाद राजू मैट्रिक्स ने 13 सितंबर को हुए हिंदी व जीके के पेपर की मोबाइल से फोटो खींच कर पोरव कालेर व उसके साथी प्रवीण को भेजा था। लीक पेपर को नरेशदान चारण से सॉल्व करवाकर बेचा था।

### SOG की डमी परीक्षा में 50% अंक ही आए

- ट्रेनी SI मनीषा सिहाग की 696वीं रैंक आई थी। उसका जयपुर में परीक्षा केंद्र था। उसके हिंदी में 146, GK में 140 नंबर और इंटरव्यू में 28 नंबर आए थे। कुल 384 अंक प्राप्त किए।
- अंकिता गोदारा की 506 वीं रैंक आई थी। उसका उदयपुर में परीक्षा केंद्र था। उसके हिंदी में 146, जीके में 158 नंबर और इंटरव्यू में 16 नंबर आए थे। इस प्रकार कुल 320 अंक प्राप्त किए।

**जरूरी खबर**

## मोदी के शपथ ग्रहण पर कार्यकर्ता मनाएंगे जश्न



**जयपुर।** लोकसभा चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।इसको लेकर रविवार को राजस्थान के सभी जिला मुख्यालयों के साथ प्रदेश भाजपा कार्यालय में उत्सव मनाया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने कहा कि इस मौके पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी और मिठाई बांटकर खुशियां मनाई जाएगी। पारीक ने कहा कि 2014 में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो सफर शुरू किया वो 2024 में भी जारी है।

## सीकर में कांपी धरती, घरों से बाहर आए लोग

**सीकर।** जिले में शनिवार रात करीब 11.47 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। खाटू श्याम कस्बे मे कुछ सेकेंड के लिए धरती कांपी। इसके अलावा रींगस, धोद और जीणमाता इलाके में भी भूकंप का असर दिखा। झटके महसूस होने पर लोगों में दहशत फैल गई। इसके चलते लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए। वहीं लोग एक-दूसरे को फोनकर भूकंप की जानकारी लेते दिखे। जानकारी के अनुसार जिलेभर के अधिकांश इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिले के लोसल में भी भूकंप के झटके महसूस किए। भूकंप का केंद्र हर्ष बताया जा रहा है। भूकंप की तीव्रता 3.90 बताई जा रही है।

## कलेक्टर ने संवाद कर जानी आमजन की समस्याएं



**जयपुर।** सीकर जिला कलेक्टर कमल उल जमान चौधरी ने शनिवार को लोसल का दौरा कर आमजन की समस्याएं सुनी । इस दौरान उन्होंने वार्डो में पेयजल आपूर्ति समस्या के बारे में लोगों से जानकारी ली । जिला कलेक्टर ने समस्याओं को लेकर जलदाय विभाग को दिए आवश्यक दिशा—निर्देश । इस दौरान दांतारामगढ़ एसडीएम गोविंद सिंह भींचर ने लोगों के घरों में जाकर पानी की समस्या को देखा। जिला कलेक्टर को एक बुजुर्ग ने बाजार में साफ-सफाई को लेकर झूठी शिकायत की तो कलेक्टर ने लोगों से कहा हर समस्या प्रशासन पर नहीं थोपे समस्या के समाधान को लेकर प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान धोंद एसडीएम कुणाल राहड सहित विद्युत एवं पेयजल से जुड़े अधिकारी भी मौजूद रहे।

**प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने दिए योजनाओं को रफ्तार देने के निर्देश, आमजन को लाभ दिलाने का आह्वान**

# गरीब को घर और मजदूर को 'हक' दिलाने पर करें फोकस



बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता अब समाप्त हो चुकी है, ऐसे में स्वायत्त शासन विभाग का फोकस प्रदेश में चल रही योजनाओं को फिर से गति प्रदान कर आमजन को राहत पहुंचाने पर होना चाहिए। ये कहना है प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत का।

उन्होंने निदेशालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान टी. रविकांत ने इंदिरा गांधी रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री अन्नपूर्णा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, के साथ ही बजट घोषणाओं और ऑनलाइन सेवाओं को लेकर भी अधिकारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के तहत चल रही रसोइयों का सघन निरीक्षण करें।

ताकि आमजन को सुलभ और शुद्ध भोजन मिलता रहे। उन्होंने कहा कि यदि किसी अन्नपूर्णा रसोई में अनियमितताएं मिलें, तो उन्हें जल्द से जल्द दूर करने के प्रयास किए जाएं।

### गरीब के आवास का सपना हो पूरा

रविकांत ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को जल्द से जल्द पूरा करवाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को योजना के तहत समय पर राशि जारी की जाए, ताकि किसी भी गरीब के अपने घर के सपने में देरी ना हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं को गति देकर पात्र लोगों को जल्द से जल्द लाभान्वित करने का प्रयास करें।

### आत्मनिर्भरता के लिए 'स्वनिधि'

श्री रविकांत ने स्ट्रीट वेंडर्स को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना यानी प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर लोगों को योजना के प्रति जागरुक किया जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा आवेदन हो सकें और ज्या से ज्यादा लोग इससे लाभान्वित हो सकें।

### अधिक से अधिक श्रमिकों को मिले रोजगार

प्रमुख शासन सचिव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के लिए राज्य सरकार की ओर से पर्याप्त बजट का प्रावधान किया गया है। ऐसे में इस योजना के तहत अधिक से अधिक श्रमिकों को नियोजित किया जाए। श्री रविकांत ने इसके लिए पर्याप्त कार्यों की सूची तैयार कर जारी करने के भी निर्देश दिए। रविकांत ने बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने के साथ ही ऑनलाइन सेवाओं की लगातार मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश जारी किए। समीक्षा बैठक में डीएलबी, अतिरिक्त निदेशक श्याम सिंह, वित्तीय सलाहकार महेन्द्र मोहन, जयपुर हैरिटेज निगम के आयुक्त अभिषेक सुराणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**प्राइवेट यूनिवर्सिटीज पर नकेल... गाइड लाइन जारी**

# कैंपस के बाहर ब्रांच स्थापित और संबद्धता जारी करने पर रहेगी रोक



बेधड़क | जयपुर

उच्च शिक्षा विभाग ने प्राइवेट यूनिवर्सिटीज पर नकेल कसने के लिए एक गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत अब प्राइवेट यूनिवर्सिटीज को भी छात्रों को मेरिट के आधार पर ही एडमिशन देने होंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने यूजीसी नॉर्म्स का हवाला देते हुए निर्देश दिए हैं कि प्राइवेट यूनिवर्सिटी कैंपस से बाहर अपनी ब्रांच स्थापित नहीं कर सकेगी और न ही किसी को संबद्धता जारी कर सकेगी।

नए सत्र 2024-25 किसी भी प्राइवेट यूनिवर्सिटी के लिए आसान नहीं रहने वाला है। दरअसल, राज्य में करीब 52 प्राइवेट यूनिवर्सिटी संचालित हैं, लेकिन अधिकतर यूनिवर्सिटी में यूजीसी और राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों की पालना नहीं की जा रही है। कई यूनिवर्सिटी में जो कोर्सेस संचालित किए जा रहे हैं, वो उच्च शिक्षा विभाग से स्वीकृत ही नहीं है। फिर भी छात्रों को इन कोर्सेस में प्रवेश दिया जाता है, जो सीधे तौर पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। इसी को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने हाल ही में प्राइवेट यूनिवर्सिटीज को लेकर एक गाइडलाइन जारी की है। इस गाइड लाइन की प्राइवेट यूनिवर्सिटीज को पालना करनी होगी। विद्यार्थियों के प्रवेश, कार्स संचालन, ब्रांच स्थापना व संबद्धता जारी करने को लेकर गाइड लाइन में दिए गए निर्देशों की पालना करना आवश्यक रहेगा। ऐसे में माना जा रहा है कि काफी हद तक प्राइवेट यूनिवर्सिटीज की ओर से की जा रही मानमानियों पर नकेल कस सकेगी। साथ ही विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ को भी रोका जा सकेगा।

### गाइड लाइन में ये दिए दिशा-निर्देश

इस गाइडलाइन में उच्च शिक्षा विभाग में स्पष्ट किया है कि प्राइवेट यूनिवर्सिटी भी मेरिट के आधार पर ही छात्रों को प्रवेश दे। शिक्षण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम बीपीएड, एमपीएड, डीएलएल, कृषि शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और प्रौद्योगिकी शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य या केन्द्र की एजेंसियां हर साल प्रवेश परीक्षा का आयोजन करते हुए एडमिशन देती हैं। ऐसे में इन पाठ्यक्रमों में इन एजेंसियों के माध्यम से ही प्रवेश दिए जाएं। इसके अलावा ऐसे व्यवसायिक और टेक्निकल कोर्स जिनके लिए राज्य और केन्द्र परीक्षा का आयोजन नहीं करती, उनमें प्रवेश समान पाठ्यक्रम संचालित करने वाले विश्वविद्यालयों के संघ की ओर से परीक्षा आयोजित कर दिए जाएंगे।

### इन पर भी लागू रहेंगे नियम

उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन के तहत कोई भी निजी विश्वविद्यालय कैंपस से बाहर अपनी ब्रांच स्थापित नहीं कर सकेगा। वहीं, यूजीसी प्रावधानों के तहत यूनिवर्सिटी किसी अन्य शहर, दूसरे राज्य और देशों में न तो अपनी ब्रांच शुरू कर सकेगी और न ही किसी को संबद्धता जारी कर सकेगी। इसके अलावा यूनिवर्सिटी राज्य सरकार से अनुमति से ही पाठ्यक्रम शुरू कर सकते हैं। वहीं, डिस्टेंस एजुकेशन के लिए भी यूनिवर्सिटी को डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो से अनुमति लेना जरूरी होगा।

### अनुमति से संचालित हों कोर्स

उच्च शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य सरकार भी रेगुलेटरी बॉडी है। इसीलिए अनुमति लेकर ही सभी कोर्सेज के लिए इंटेक कैपेसिटी यानी सीटों की अधिकतम संख्या स्वीकृत कराकर ही उस सीमा तक एडमिशन दिए जा सकते हैं। जबकि रिसर्च कोर्स में एडमिशन के लिए रिसर्च संबंधी यूजीसी रेगुलेशन 2022 के प्रावधानों की पालना करनी होगी।

**विकास यात्रा का होगा प्रकाशन**

## विस अध्यक्ष देवनानी ने किया ई-बुलेटिन का लोकार्पण



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने ई-बुलेटिन का शनिवार को विधानसभा में लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा के साप्ताहिक ई-बुलेटिन में विधानसभा क्षेत्रों की विकास यात्राओं पर आधारित सफलता की कहानियों का प्रकाशन किया जाएगा।

दो पेज के ई-बुलेटिन में राजस्थान विधानसभा की गतिविधियों, सदन की कार्य प्रणाली, विभिन्न अनुभागों की जानकारी और ऐतिहासिक पहलुओं की रोचक घटनाएं भी प्रकाशित की जाएगी। वहीं समसामयिक विषयों पर विधानसभा के पूर्व सदस्यों के अनुभवो को भी बुलेटिन में प्रकाशित किया जाएगा। राजस्थान विधानसभा में यह पहली बार प्रयास हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर विधानसभा का ई बुलेटिन का प्रकाशन आरंभ किया गया है। बुलेटिन का प्रथम अंक शुक्रवार 7 जून को जारी कर दिया गया है। प्रथम अंक में विधानसभा अध्यक्ष देवनानी के सर्वसम्मति से सभी दलों द्वारा निर्विरोध निर्वाचन के बाद उनके द्वारा किए गए नवाचारों की श्रृंखला का प्रकाशन किया गया है। देवनानी का संकल्प है कि राजस्थान की विधानसभा को देश की सर्वश्रेष्ठ विधानसभा बनाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अनेक नवाचार किए हैं। इन नवाचारों को बुलेटिन के प्रथम अंक में समावेश किया गया है। इस मौके पर प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा, विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा, मार्शल संजय चौधरी और ई-बुलेटिन के संपादक डॉ. लोकेश चंद्र शर्मा मौजूद थे।

**राजसमंद विधायक दीप्ति ने साधा निशाना**

## नरेंद्र मोदी की तीसरी जीत से परिवारवादी पार्टियां खतरे में



बेधड़क | जयपुर

राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बहुमत प्राप्त करना परिवारवादी पार्टियों की राजनीति के लिए बड़ा संकट है।

नरेन्द्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवार से नहीं आते हैं। इस विजय से परिवारवादी राजनीति संकट में आ गई है। उन्होंने लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त की है। लोकसभा चुनावों में भाजपा ने अपनी 70 फीसदी सीटों पर पुनः विजय प्राप्त की और 32 नई सीटें भी जीतीं। दक्षिण भारत के राज्यों में भी भाजपा ने कांग्रेस पार्टी से ज्यादा मत प्राप्त किए हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि राजग के सभी सहयोगी दल विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राजग राष्ट्रवाद, जन कल्याण और गतिमान भारत का मंच है। इंडी जमात भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और राष्ट्रहित का अंध विरोध करने वालों का गठबंधन है। इंडी गठबंधन के नेता चुनावों में मिली पराजय के बाद भी झूठ और दुष्प्रचार का अभियान चला रहे हैं।

**जनसंपर्क में कहा- जनता का मन देखकर करेंगे फैसला**

## गुढ़ा ने दिए उपचुनाव लड़ने के संकेत



बेधड़क | झुंझुनू

राजस्थान की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने झुंझुनू से विधानसभा उपचुनाव लड़ने के संकेत दिए। हालांकि, जब गुढ़ा से उपचुनाव लड़ने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी जनसंपर्क कर रहे हैं और जनता का यदि मन हुआ तो निश्चित ही वो चुनाव लड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व मंत्री व वर्तमान सांसद बृजेंद्र ओला ने भी कोई काम नहीं करवाया है। ओला मेरे साथ कांग्रेस में मंत्री थे, लेकिन उन्होंने कभी भी मुख्यमंत्री से किसी विकास कार्य की मांग नहीं की। गौरतलब है कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में राजेंद्र सिंह गुढ़ा उदयपुरवाटी से चुनाव हार गए थे। उनके सामने भाजपा से प्रत्याशी रहे शुभकरण चौधरी को भारतीय जनता पार्टी ने इस बार झुंझुनू संसदीय सीट से टिकट दिया था।

ऐसे में राजेंद्र गुढ़ा ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया था और भाजपा को वोट नहीं देने की अपील की थी। हालांकि, विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भी चुनाव हार गए थे और कांग्रेस को सफलता मिली थी। ऐसे में हारने के बाद भी भाजपा प्रत्याशी को लोकसभा का टिकट देने पर गुढ़ा ने विरोध किया था। दरअसल, शुभकरण चौधरी और राजेंद्र गुढ़ा दोनों अलग-अलग समाज से आते हैं और एक-दूसरे के खिलाफ आए दिन टीका टिप्पणी करते रहते हैं। हालांकि, उन्होंने बाद में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत के खिलाफ भी प्रचार किया था और वहां भाजपा को वोट देने की अपील की थी।

### ओला की जीत से खाली हुई सीट

दरअसल, कद्दावर जाट नेता शीशराम ओला के पुत्र व पूर्व मंत्री बृजेंद्र औला झुंझुनू से वर्तमान में विधायक हैं, लेकिन वो कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। ऐसे में झुंझुनू विधानसभा में उपचुनाव होना है और इसके लिए अभी से नेताओं ने दम लगाना शुरू कर दिया है।

**100 करोड़ से विकसित होगा टूरिस्ट सर्किट**

# CM ने महाराणा प्रताप को नमन कर जयंती समारोह का किया आगाज



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को उदयपुर दौरे पर रहे। इस दौरान सीएम टाइगर हिल स्थित प्रताप गौरव केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में उन्होंने महाराणा प्रताप जयंती समारोह का शुभारंभ किया। इसमें मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल ने कहा कि महाराणा प्रताप के संदेश को पूरी दुनिया तक पहुंचाना हमारी सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन से विषम परिस्थितियों में भी पीछे नहीं हटने तथा सदैव सत्य, धर्म और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मेवाड़ की पहचान महाराणा प्रताप से ही है। उनके शौर्य और देश के प्रति बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

मेवाड़ की आन-बान और शान के लिए महाराणा प्रताप ने अपना जीवन बलिदान कर दिया। मातृभूमि की रक्षा और मेवाड़ के गौरव को बचाने के लिए महाराणा का शौर्य वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है। 100 करोड रुपए की लागत महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेशवासियों को महाराणा प्रताप जयंती की शुभकामनाएं दी है।

### तेलंगाना के सांसद ने की शिष्टाचार भेंट

तेलंगाना के मल्काजगिरी लोस क्षेत्र से सांसद एतेला राजेंद्र ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ नई दिल्ली के जोधपुर हाउस में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में सांसद कोंडा विश्वैरया रेड्डी, विधायक एलेटी माहेश्वर, रामराव पटेल, सूर्यनारायण धनपाल के साथ राजस्थान में निवेश के अवसरों पर विकास की संभावनाओं पर विशेष चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने तेलंगाना के विकास में प्रवासी राजस्थानियों के योगदान की सराहना की।



### बजट से पूर्व कर्मचारी संघों ने रखी अपनी मांगें

प्रदेश सरकार के पहले बजट को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान ने शनिवार को सभी कर्मचारी संघों से चर्चा की। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने कर्मचारियों से संबंधित मांगे रखी। राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री प्रदीप शर्मा एवं संयुक्त महा सचिव गोविंद नाटाणी ने बताया कि राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष दशरथ कुमार ने मुख्यमंत्री के समक्ष आवासन बोर्ड के विभिन्न संवर्गों में चल रहे लगभग 1 हजार से भी अधिक रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की स्वीकृति जारी करने, मंडल को जमीन दिलाने, जिन कर्मचारियों के दो से अधिक संतान हैं उन्हें भी समय पर चयनित वेतनमान की सुविधा दिए जाने, राज्य के वर्कचार्ज कर्मचारियों को भी समय पर पदोन्नति देने अथवा नियमित कर्मचारियों की भांति ही चयनित वेतनमान में वेतनवृद्धि का लाभ दिए जाने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने इन मांगों पर सकारात्मक रुख दर्शाते शीघ्र पूरा किए जाने का आश्वासन दिया। बैठक में आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष दशरथ कुमार के साथ साथ संघ के कार्यकारी अध्यक्ष व महासंघ के प्रवक्ता भगवती प्रसाद भी उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### करणी सेना प्रताप जयंती पर निकालेगी वाहन रैली



**जयपुर।** राष्ट्रीय करणी सेना 9 जून को वैशाली नगर में महाराणा प्रताप जयंती मनाएगी। इस अवसर पर करणी सेना भवानी निकेतन से राष्ट्रीय कार्यालय वैशाली नगर तक वाहन रैली निकालेगी। राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत ने बताया कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर राजपूत समाज और अन्य समाज के युवा मिलकर वाहन रैली निकालेंगे। इसका उद्देश्य जनता और युवाओं में महाराणा प्रताप के जीवन दर्शन को पहुंचाना है। कार्यक्रम में लगभग एक हजार बाइक और कार रैली के रूप में कार्यालय पहुंचेगी। इसके बाद कार्यालय पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। उन्होंने बताया- इस दौरान सर्वसमाज के लिए करणी सेना की ओर से एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा।

### ऑप्टिशियन्स एसोसिएशन का शपथ ग्रहण 16 को

**जयपुर।** जयपुर जिला ऑप्टिशियन्स एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह व वार्षिक साधारण सभा का आयोजन एक होटल में 16 जून को किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष राधेश्याम गढ़वाल, महामंत्री राकेश राव और जॉइंट सेक्रेटरी पंकज मिश्रा ने बताया गया कि इस शपथ ग्रहण एवं साधारण सभा में जयपुर के मुख्य चश्मा होलसेल व्यापारियों के द्वारा आकर्षक स्टॉल्स लगाई जा रही हैं। इससे व्यापार की उन्नति के लिए चश्मा व्यापारियों को नई जानकारियां प्राप्त हो सके। इसमें कई ऑप्टिकल की ओर ऑफर और रिटर्न गिफ्ट रखा जा रहा है। व्यापार की उन्नति एवं नवीन जानकारी के लिए जयपुर के लोकल होलसेल व्यापारियों के द्वारा 10 से ज्यादा स्टोन लगाए जा रहे हैं, जिनके ऊपर वे अपने प्रोडक्ट का प्रदर्शन करेंगे एवं उनकी जानकारी प्रदान करेंगे

**मौसम विभाग ने दी दो-तीन दिन और आंधी और बारिश की चेतावनी**

# गुलाबी नगरी के आसमान में धूल से आंधी की पेंटिंग



बेधड़क | जयपुर

भीषण गर्मी से जूझते प्रदेश को पिछले तीन दिनों से मौसम में हुए बदलाव से काफी राहत मिली है। अभी प्रदेश के 15 से ज्यादा जिलों में धूलभरी आंधी व हल्की व मध्यम दर्जे की बारिश जारी है। मौसम विभाग ने फिलहाल आगामी 2 से 3 दिन प्रदेश में आंधी बारिश की संभावना जताई है। शनिवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में 70 किमी की रफ्तार से हवाएं चली। जयपुर सहित बीकानेर व चुरु में शनिवार सुबह से ही तेज हवाओं का दौर जारी रहा। आसमान में धूल के गुबार छा गए। तेज हवाओं ने राहगीरों को परेशान भी किया। अब 9, 10 और 11 जून को भी कुछ जिलों में इसी तरह का मौसम रहने की संभावना जताई है।

**अनसेफ मसाले मिलने के बाद प्रदेशभर में नामी कंपनियों पर कार्रवाई**

# मिलावट पर मार... 71 सैंपल लिए 12 हजार किलो मसाले किए सीज

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने की पहल को लेकर राज्य में मिलावट के खिलाफ अभियान निरंतर जारी है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर शनिवार को प्रदेशभर में मिलावटी मसालों के खिलाफ अभियान चलाया गया।

अभियान में हाल ही अनसेफ पाए गए नामी कम्पनियों के मसालों को सीज करने, दूसरे बैचों के सैम्पल लेने सहित अन्य मसाला कारोबारियों पर भी व्यापक कार्रवाई की गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि विगत दिनों बड़ी मसाला कम्पनियों के यहां कार्रवाई कर सैम्पल लिए गए थे। इनमें से कुछ सैम्पल अनसेफ पाए गए। इसे देखते हुए शनिवार को सभी जिलों में अनसेफ पाए गए मसालों को सीज करने, दूसरे बैचों के सैम्पल लेने सहित अन्य कार्रवाई की गई है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि पेस्टीसाइड तथा इंसेक्टीसाइड की मानक से अधिक मात्रा होने से अनसेफ पाए गए मसालों के बाद पूरे राजस्थान में मसालों को लेकर विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि रात 8 बजे तक प्राप्त सूचना के अनुसार प्रदेश में मसाले के 71 इंफोर्समेंट सैंपल लिए गए और लगभग 12061 किलो मसाले मिलावट का संदेह होने पर सीज किए गए।





### पाली और ब्यावर में भी कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि कार्रवाई के दौरान एमडीएच, शीबा ताजा, एवरेस्ट, हमदर्द, श्याम धनी, रामदेव व अन्य ब्राण्ड के पावभाजी मसाला, सांभर मसाला, गरम मसाला, चाट मसाला, सब्जी मसाला, रायता मसाला, चना मसाला आदि के सैंपल लिए गए एवं सीज करने की कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के तहत संयुक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा एसएन धौलपुरिया के नेतृत्व में केंद्रीय दल ने पाली जिले में अरिहंत फूड प्रोडक्ट सरधना तथा किरण इंडस्ट्री ब्यावर पर कार्रवाई कर 7420 किलो मसाले सीज किए।

**स्टेशन पर 2 दिन का मेगा ब्लॉक**

# गांधीनगर स्टेशन से आज 6 ट्रेन कैंसिल, 11 बदले रूट से जाएंगी



बेधड़क | जयपुर

गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर चल रहे रिडेवलपमेंट के कारण 9 जून को इस रूट से गुजरने वाली कई गाड़ियों को कैंसिल किया गया है। वहीं, अजमेर की ओर आने जाने वाली गाड़ियां अजमेर की जगह खातीपुरा रेलवे स्टेशन से चलेगी।

इसके अलावा 2 ट्रेनों को रीशड्यूल करने के साथ 11 ट्रेनों के रूट में बदलाव किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है। लगभग 170 करोड़ की लागत से इस स्टेशन पर विकास कार्य हो रहा है। इसके कारण स्टेशन पर 2 दिन का मेगा ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके चलते गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर एयर कोनकोर्स निर्माण कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा।

इसके चलते 9 जून रविवार को 6 ट्रेनें रद्द की गई है। वहीं 4 ट्रेनों को आंशिक रद्द, 2 ट्रेनों को रीशड्यूल, 2 ट्रेनों को रेगुलेट करने के साथ 11 ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।

रविवार को 6 ट्रेनें रद्द रहेंगी अजमेर-चंडीगढ(20977), चंडीगढ-अजमेर(20978), अजमेर-आगराफोर्ट (22987), आगराफोर्ट-अजमेर( 22988), जयपुर-रेवाडी (09635), रेवाडी-जयपुर ( 09636) 9 जून को रद्द रहेंगी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com पर E- Mail करें।

**चैरेटी कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन**

# ‘स्पेशल काम’ के लिए मिलेगा सम्मान

बेधड़क | जयपुर

प्योर डिवोशन फाउंडेशन और बोधि ट्री के तत्वावधान में 23 जून को आयोजित होने वाले चैरेटी कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया।



कार्यक्रम में बोधि ट्री की फाउंडर और मातृ कार्यक्रम की संयोजक शुभा गुप्ता और सिद्धि गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम से आने वाली राशि को वृंदावन में उन महिलाओं के कल्याण के लिए काम में लिया जाएगा जो कि बेघर हैं। फाउंडेशन वृन्दावन की बुजुर्ग व असहाय महिलाओं के लिए राशन, भोजन, आवास व अन्य कल्याणकारी योजनाएं चला रहा है। 23 जून को होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य इन्हीं महिलाओं की सहायता करना है। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एनके जैन, पवन गोयल, राघव गोयल, अनुराग अग्रवाल, संजय झांवर, अनिल गोयल, कन्नू मेहता, महावीर सोनी, नवल किशोर शर्मा, रमन अग्रवाल, ऋतुराज शर्मा, ललित शर्मा, बसंत जैन, अपर्णा वाजपेई, अनिल मुद्गल, अक्षिता गुप्ता, शिवानी सोनी, आयुष सोनी समेत शहर के अन्य गणमान्य पुरुष-महिलाएं उपस्थित रहे।

**विश्व पर्यावरण दिवस पर निर्वाण विश्वविद्यालय में पौधरोपण**

# योग और स्वस्थ वातावरण के बीच संबंध बताए

बेधड़क | जयपुर

विश्व पर्यावरण दिवस पर निर्वाण विश्वविद्यालय के योग और वेलनेस केंद्र (ओजस) की ओर से पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना और वनों की कटाई और पर्यावरणीय स्थिरता के वैश्विक प्रयासों में योगदान करना था।



कार्यक्रम की शुरुआत निर्वाण विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ. संजय खन्ना द्वारा पर्यावरण संरक्षण के महत्व और जलवायु परिवर्तन से निपटने में व्यक्तियों की भूमिका को उजागर करने वाले भाषण के साथ हुई। इसके बाद, निर्वाण विश्वविद्यालय के सीओई प्रो. प्रशांत बेनीवाल ने योग, कल्याण और स्वस्थ वातावरण के बीच संबंध पर एक प्रेरणादायक बातचीत की। इसके बाद, प्रतिभागियों को रुद्राक्ष, नींबू, जामुन, अमरूद, आम आदि विभिन्न देशी वृक्षों की प्रजातियों के पौधे प्रदान किए गए। परिसर के भीतर निर्धारित क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और विश्वविद्यालय समुदाय के भीतर सतत प्रथाओं को प्रोत्साहित करना था। इसने न केवल पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान दिया, बल्कि विश्वविद्यालय समुदाय को सार्थक पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं के बारे में शिक्षित किया और जोड़ा भी। यह कार्यक्रम डॉ.कृष्णा अग्रवाल, डीन, स्कूल ऑफ योग के निर्देशन में आयोजित किया गया।

**हेरिटेज निगम की कार्रवाई**

# 50 किलोग्राम अवैध मांस किया जब्त, 12500 रुपए का काटा चालान

बेधड़क | जयपुर

हेरिटेज निगम की पशु प्रबंधन शाखा टीम ने रामगंज बाजार और एमडी रोड पर खुले में मांस बेचने वालों और सड़क पर अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेहा गौड़ ने 50 किलो अवैध मांस और मछली जब्त कर 12500 रुपए का चालान किया। इस दौरान रामगंज बाजार में सड़क पर खुले में मांस की दुकाने लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं, एम डी रोड पर सीज किए अवैध बूचड़खाने पर फिर से पशुओं की कटाई करने पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई में उपायुक्त सतर्कता पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतत्व में सतर्कता दस्ता भी शामिल रहा। दस्ते ने रामगंज मछली मार्केट और एमडी रोड पर से अतिक्रमण भी हटवाए।



### आठ सौ किलो सिंगल यूज प्लास्टिक पकड़ा



इधर, हेरिटेज निगम दस्ते ने रामगंज बाजार में बड़ी कार्रवाई की। निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने रामगंज बाजार में औचक निरीक्षण कर प्लास्टिक थेलियों का बड़ा जखीरा पकड़ा। निगम दस्ते ने दो प्लास्टिक के गोदाम पर छापा मारकर आठ सौ किलो से अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की। वहीं, उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने मौके पर ही 70 हजार रुपए का चालान किया। इस दौरान निगम दस्ते को देख रामगंज बाजार में अफरा तफरी मच गई। हेरिटेज निगम आयुक्त ने सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों और अवैध मांस की दुकानों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश दिए।

## जरूरी खबर

### ब्रेक फेल होने से ऑटो पलटा, ग्यारह लोग घायल



**सिरोही।** जिले के आबूरोड रीको थाना क्षेत्र के सियावा स्थित पीपरमाल रोड पर शनिवार दोपहर को एक ऑटो पलटकर 7 फिट गहरे गड्ढे में गिर गया। हादसे में 11 लोग घायल हो गए। इन्हें उपचार के लिए राजकीय अस्पताल लाया गया। इसमें 3 को स्थिति गंभीर होने पर सिरोही रैफर किया गया है। हेड कांस्टेबल किशनलाल ने बताया कि पीपरमाल से ऑटो में सवार लोग सियावा होते हुए आबूरोड आ रहे थे। तभी पीपरमाल ढलान पर ऑटो के ब्रेक फेल हो गए और ऑटो अनियंत्रित होकर पास ही 7 फिट गहरे गड्ढे में गिर गया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई।

### आपसी विवाद में फायरिंग, युवक गंभीर घायल

**चाकसू।** कस्बे में तहसील के पास शनिवार को दत्तवास गांव में आपसी विवाद के दौरान हुई फायरिंग में एक युवक गंभीर घायल हो गया। उपजिला अस्पताल से युवक को जयपुर रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार घायल शेर सिंह दौसा जिले के बेराउड़ा गांव का रहने वाला है। वह दत्तवास गांव में रिश्तेदारी में आया हुआ था। यहां किसी महिला को लेकर रिश्तेदारों में झगड़ा हो गया। मामला इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने फायरिंग कर दी। इसमें शेरसिंह के छर्रे लगने से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

### समझौते के बाद राशन डीलर्स की हड़ताल समाप्त



**चाकसू।** ई-केवाईसी व अन्य समस्याओं को लेकर 1 जून से हड़ताल पर गए राशन डीलर्स व रसद विभाग के बीच समझौता होने पर शनिवार को डीलर्स एसोसिएशन ने हडताल समाप्त करने की घोषणा कर दी। इसके बाद एसोसिएशन ने अपने पास जमा मशीनें डीलर्स को वापस सुपुर्द कर दी है। वहीं अब रविवार से राशन डीलर्स खाद्यान्न वितरण से पहले परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवाईसी करेंगे। जिन सदस्यों की ई-केवाईसी नही होगी उनका नाम खाद्य सूची से कट जाएगा और उसे खाद्यान्न नही मिलेगा। ई केवाईसी की अंतिम तिथि 30 जून रखी गई है। रसद अधिकारी के प्रतिनिधि बस्सी के प्रवर्तन अधिकारी कल्याण सहाय डीलर्स से वार्ता के लिए चाकसू पहुंचे।

भीषण गर्मी से नुकसान के कारण उत्पादन हो रहा कम, कोल्ड स्टोरेज से आ रही अधिकांश सब्जियां

# सब्जियों पर पड़ रही तपिश की मार, आवक घटने से बढ़े दाम

बेधड़क | जोधपुर

भीषण गर्मी के दौर में हर तरफ से आम आदमी को परेशानी झेलनी पड़ रही है। बढ़ती महंगाई में इन दिनों सब्जियों के भाव भी आसमान छू रहे हैं। वजह है गर्मी में सब्जियां खराब हो रही हैं। इसके चलते कम उत्पादन होने से बाजारों में आवक भी कम हो गई है।



भीषण गर्मी के चलते भदवासियां मंडी में जोधपुर के आस-पास के क्षेत्र से आने वाली सब्जियों की आवक कम हो गई है। इसका सीधा असर आमआदमी पर पड़ रहा है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। इससे रसोई का बजट गड़बड़ा रहा है। भदवासियां मंडी में हरि पत्तेदार सब्जियां ही आ रही हैं। इसके अलावा ज्यादातर सब्जियां राज्य के दूसरे हिस्सों के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र से आ रही हैं। इनमें अधिकांश कोल्ड स्टोरेज का भी माल आ रहा है जो गर्मी में बहुत तेजी से खराब हो जाता है। इसके चलते होलसेल में सस्ती होने के बावजूद रिटेलर को महंगी बेचनी पड़ रही है। जोधपुर फ्रूट एवं वेजीटेबल यूनियन के अशोक कुमार ने बताया कि गर्मी में भावों में तेजी रहती है। रिटेलर को बहुत ज्यादा परेशानी होती है। उसका 10 से 20 फीसदी माल गर्मी में खराब हो जाता है। उसकी रिकवरी उसे करनी होती है।

#### खुदरा बिक्री में दोगुने हो गए भाव

भदवासियां मंडी के होलसेल व्यापारी नानक राम ने बताया कि हमारे यहां भावों में ज्यादा तेजी नहीं है, लेकिन गर्मी के चलते रिटेलर को ज्यादा करनी मेहनत पड़ती है। इसके अलावा शाम होते-होते सब्जियां खराब हो जाती हैं तो वह अपना नुकसान भी इसी से निकालता है। रेस्टोरेंट संचालक ऋषि गहलोत का कहना है कि हम होलसेल में सब्जियां लाते हैं। वहां पर 10 से 20 रुपए किलो भाव बढ़ गए हैं, लेकिन कोल्ड स्टोरेज की सब्जियां सही नहीं हैं। भाव की बात करें, तो रिटेल में टमाटर 50 रुपए, करेला 60, लौकी 50, पालक 80, गंवार फली 80 से 100, गोभी 60, काचरा 60, प्याज 30 और आलू 25 रुपए प्रति किलो के भाव हैं। इनमें भी गली मोहल्ले में आने वाले ठेले पर 10 से 20 रुपए अधिक भाव हैं।

#### बारिश के बाद ही राहत की उम्मीद

होलसेलर व्यापारियों का कहना है कि हमारे आसपास सब्जियां इन दिनों नहीं होती हैं। ऐसे में ज्यादातर बाहर के माल पर ही मंडी आवक टिकी हुई है। बाहर से आने वाली सब्जियां जोधपुर पहुंचने तक गर्मी में खराब होने लगती हैं। जिसके चलते उनकी लागत बढ़ जाती है। व्यापारियों ने बताया कि जब तक बारिश आने के बाद लोकल सप्लाई शुरू नहीं हो जाती, तब तक इससे राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। अभी एक माह में दाम और बढ़ सकते हैं। जिन लोगों ने कोल्ड स्टोरेज में पहले खरीद कर माल भर रखा है, वह अब बाहर आ रहा है।

2024 की गणना के दौरान डांग क्षेत्र में दिखा वन्यजीवों का डेरा

# चंबल के बीहड़ में बढ़ीं टाइगर्स की दहाड़ें... बनेगा बफर जोन

बेधड़क | धौलपुर

औद्योगिक दृष्टि से भलेंही धौलपुर जिला पिछड़ा हुआ हो, लेकिन यहां का वन्य क्षेत्र की यहां के लिए खुशहाली की खबर लाया है। आमतौर पर डकैतों की चहलकदमी के लिए पहचान रखने वाले चंबल के बीहड़ में अब टाइगर की दहाड़ सुनाई दे रही है। इतना ही नहीं यहां टाइगर का कुनबा भी लगातार बढ़ रहा है।

चंबल किनारे का डांग क्षेत्र जो कभी डकैतों और बदमाशों की शरण स्थली के रूप में जाना जाता था। अब डांग क्षेत्र और चंबल का बीहड़ टाइगर को रास आ गया है। ऐसे में टाइगर कॉरिडोर बनने से पहले ही टाइगरों ने डांग क्षेत्र में डेरा डाल लिया है। मादा टाइगर से पिछले वर्ष जो तीन शावक पैदा हुए थे, वह पूरी तरह स्वस्थ देखे गए हैं।

तीनों शावकों की उम्र करीब 13 महीने बताई जा रही है। इसके अलावा जंगल में वन्यजीवों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। यह सारे आंकड़े वन्यजीव गणना 2024 में सामने आए हैं। धौलपुर एनसीएस के एसीएफ नाहर सिंह ने बताया कि मई के महीने में धौलपुर की 5 सेंचुरी क्षेत्र में वन्यजीवों की गणना के लिए 25 टीमों को तैनात किया गया था। गणना के अनुसार धौलपुर वन क्षेत्र में टाइगरों का मूवमेंट लगातार बना हुआ है। वहीं अन्य वन्यजीवों की गतिविधियां भी जंगल में बढ़ी हैं। धौलपुर टाइगर कॉरिडोर की स्वीकृति के साथ तमाम कागजी खानापूर्ति पूरी हो चुकी है। अब केवल वित्तीय स्वीकृति का इंतजार है। कॉरिडोर का कोर एरिया 600 वर्ग किलोमीटर का है और बफर एरिया के लिए कवायद शुरू कर दी हैं।

## ■ 600 वर्ग किलोमीटर के कोर एरिया में बनेगा कॉरिडोर



#### इन वन्यजीवों ने भी डाला डेरा

एसीएफ नाहर सिंह ने बताया कि वन्यजीव गणना में पांच सेंचुरी क्षेत्र में 9 लेपर्ड, 490 सियार, 48 जरख, 15 जंगली बिल्ली, 33 लोमड़ी, 13 भेड़िया, 12 भालू, 1 छोटा बिज्जू, 2 बड़े बिज्जू और 3 कवर बिज्जू के साथ चीतल हिरण 16, सांभर हिरण 4, नीलगाय 574, जंगली सूअर 488, सेही 20 के साथ राष्ट्रीय पक्षी मोर 530 और सरीसृप में घड़ियाल 32, मगरमच्छ 64 दिखाई दिए हैं। जिले में वर्तमान में तीन शावकों के साथ एक नर और मादा टाइगर के साथ एक और मादा टाइगर की मूवमेंट बनी हुई है। कुल मिलाकर 6 टाइगर क्षेत्र में सक्रिय हैं, जिनमें तीन बच्चे हैं।

#### परिवारों को किया जाएगा विस्थापित

सेंचुरी एरिया की कवायद का काम शुरू हो गया है। डांग क्षेत्र में बसे परिवारों को मुआवजा राशि एवं जमीन देखकर अन्य स्थानों पर विस्थापित किया जाएगा। उपवन संरक्षक सिंह ने बताया कि 21 साल या इससे अधिक उम्र के लोगों को मुआवजा दिया जाएगा। परिवार की मुखिया पति और पत्नी के साथ अगर परिवार में इनके बच्चे 21 साल या इससे अधिक उम्र के हैं, तो प्रत्येक को मुआवजा राशि 15-15 लाख रुपए दिए जाएंगे। अगर यह लोग मुआवजा ना लेकर जमीन का ऑप्शन चुनते हैं, तो इतनी तादाद में जमीन भी विभाग के पास उपलब्ध नहीं हैं। इस कारण विस्थापित परिवारों को मुआवजा ही दिया जाएगा।

पशुपालन व देवस्थान मंत्री ने कहा...

## सीटें घटने से देश को आगे बढ़ाने का जज्बा नहीं होगा कम: जोराराम



बेधड़क | पाली

सुमेरपुर से विधायक और गोपालन एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने शनिवार को पाली में एक सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत की। इंद्रा कॉलोनी स्थित किसान केसरी गार्डन में आयोजित राजपूत समाज के कार्यक्रम में पहुंचे कुमावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह गर्व की बात है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक एक विकसित देश बनेगा। भाजपा द्वारा चुनाव में पूरी ताकत लगाने के बावजूद कम सीटें मिलने पर उन्होंने स्वीकार किया कि कहीं न कहीं कुछ कमी रह गई होगी, जिसके कारण जनता का समर्थन कम मिला। वहीं उन्होंने कहा कि भलेंही सीटें आशानुरूप नहीं हों, लेकिन पीएम मोदी में देश को तरक्की पथ पर ले जाने का जज्बा वही है। पहले की तरह की सबका साथ और सबका विकास की सोच को लेकर विकास के कार्य होंगे। मंत्री जोराराम ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने अच्छा काम किया और चुनाव में किए गए 42 प्रतिशत वादे पूरे किए। उन्होंने बताया कि राज्य को विकसित बनाने की दिशा में सरकार अग्रसर है। अयोध्या में पार्टी की हार पर प्रतिक्रिया देते हुए कुमावत ने कहा कि भाजपा ने वहां बेहतर काम किया, लेकिन हार-जीत लगी रहती है। यह अयोध्यावासियों को सोचना चाहिए कि उनके लिए बेहतर काम कौन कर सकता है। जब उन्हें अहसास होगा कि भाजपा को नहीं जिताकर उन्होंने खुद का नुकसान किया है, तो वे फिर से भाजपा को जिताएंगे।

ठगों ने कृषि विवि के वाइस चांसलर को बनाया शिकार

## बेटे को मर्डर केस में फसाने की धमकी दे 50 हजार रुपए ठगे

बेधड़क | बीकानेर

बेटे को मर्डर के केस में फंसाने की धमकी देते हुए साइबर अपराधियों ने पुलिस अधिकारी बनकर कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर से 50 हजार रुपए की ठगी कर ली।

स्वामी केशवानंद एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. अरुण कुमार के पास पाकिस्तानी नंबर से फोन आया कि उनका बेटा मर्डर केस में फंसा हुआ है। बेटे को जेल भेजने से बचाने के लिए फोन करने वाले ने पचास हजार रुपए की डिमांड की।



जानकारी के अनुसार वीसी को कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस का अधिकारी बताते हुए कहा कि आपका बेटा मर्डर केस में फंसा हुआ है, उसे हत्या के मामले में जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। आप बताए गए नंबर पर जितनी जल्दी हो पैसा ट्रांसफर करवा दो नहीं तो बेटे का नाम एफआईआर में आ जाएगा। घबराए हुए वाइस चांसलर ने तुरंत उस नंबर पर पचास हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। पैसे भेजने के बाद उन्होंने अपने बेटे को फोन किया तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी के बारे में पता चला। मामले में वाइस चांसलर के ओएसडी विपिन लड्ढा ने बीछवाल थाने में ठगी का मामला दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नहीं थम रहा पूर्व राजपरिवार का विवाद, पूर्व मंत्री ने दर्ज कराई FIR

## पत्नी व बेटे पर सोना-हीरे चोरी का आरोप

बेधड़क | भरतपुर

जिले के पूर्व राजपरिवार का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्रसिंह ने पत्नी और बेटे के खिलाफ भरतपुर रॉयल फैमिली रिलीजियस एवं सेरेमोनियल ट्रस्ट के 10 किलो सोने सहित करोड़ों के हीरे-जवाहारात चोरी करने का आरोप लगाते हुए मथुरा गेट थाने में मामला दर्ज करवाया है।



कुछ दिनों पहले विश्वेंद्र सिंह की ओर से वरिष्ठ नागरिक होने के चलते भरण-पोषण के लिए पत्नी और बेटे से प्रतिमाह पांच लाख रुपए की मांग को लेकर एसडीएम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसकी सुनवाई अभी कोर्ट में है। जानकारी के मुताबिक पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने पत्नी दिव्या सिंह व पुत्र अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें बताया है कि न्यू दिल्ली वॉलेट लिमिटेड, डी 70, डिफेंस कॉलोनी, न्यू दिल्ली के लॉकर संख्या 1402 उनका, पत्नी दिव्या सिंह व पुत्र अनिरुद्ध सिंह तीनो का संयुक्त रूप से था। विश्वेंद्र सिंह ने इस लॉकर से पत्नी व बेटे पर भरतपुर रॉयल फैमिली के रिलीजियस एवं सेरेमोनियल ट्रस्ट भरतपुर के 10 किलो सोने समेत करोड़ों के हीरे-जवाहरात चोरी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि परिवार में विवाद के बाद 2020 से 2024 के बीच इन लोगों ने 16 बार लॉकर खोलकर सामान निकालकर इसको बंद कर दिया। बैंक से 4 मई 2024 को मिले पत्र से उन्हें इसके बारे में पता चला। लॉकर को खोलने व बंद करने के लिए परिवादी की सहमति नहीं ली गई, जिसके चलते उन्होंने धोखाधड़ी व सोना और आभूषण चोरी करने और मारपीट करके घर से निकालने का आरोप लगाया है।

गुस्साए टोलकर्मियों ने लगाया जाम, मुआवजे पर सहमति

# ट्रक रुकवाने सामने आया टोलकर्मी, चालक ने कुचला

बेधड़क | दौसा

जिले के नांगल राजावतान थाना क्षेत्र में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र के टिटोली टोल प्लाजा पर शनिवार को ट्रक ने टोलकर्मी को कुचल दिया। जिससे टोलकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद अन्य टोलकर्मियों ने अपने साथी टोलकर्मी का शव मौके पर ही रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

वहीं टोल कंपनी से मुआवजे की मांग करने लगे। इस दौरान करीब 2 घंटे चले प्रदर्शन के बाद टोल कंपनी की ओर से मृतक टोलकर्मी को मुआवजा देने का आश्वासन दिया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाने पर सहमति बनी। ट्रक को जब्त कर



थाने में खड़ा किया है। मामला, शनिवार दोपहर करीब 3 बजे का है। पुलिस के अनुसार एक ट्रक चालक टिटोली टोल प्लाजा पर बैरियर तोड़कर भागने की फिराक में था। ऐसे में ट्रक को रोकने के लिए टोलकर्मी ट्रक के आगे आ गया, लेकिन चालक ने ट्रक को रोकने की जगह टोलकर्मी आशीष सिंह तोमर (20) पुत्र कमल सिंह तोमर निवासी पनकापुरा, मुरैना, मध्यप्रदेश को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस घटना में एक और टोलकर्मी रवि कुमार निवासी मैनपुरी भी ट्रक की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। हालांकि, उसके पैर में चोट आई है। वहीं टोलकर्मी को ट्रक द्वारा कुचलने की सूचना पर अन्य टोलकर्मी मौके पर पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। वहीं मांग पूरी नहीं होने तक शव उठाने से इंकार कर दिया।

#### टोल कंपनी से समझौते के बाद माने

इस दौरान टोलकर्मी को ट्रक द्वारा कुचले जाने और इस मामले में अन्य टोलकर्मियों द्वारा प्रदर्शन की सूचना पर नांगल राजावतान थाना प्रभारी हुसैन अली सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। ऐसे में अधिकारियों ने मौके पर प्रदर्शन कर रहे टोलकर्मियों से समझाइश के प्रयास किए। लेकिन टोलकर्मी मृतक साथी के परिवारजनों को मुआवजा दिलाने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान करीब 2 घंटे तक चली वार्ता के बाद टोल कंपनी की ओर से मृतक के परिजनों को 8 लाख रुपए मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया। तब जाकर टोलकर्मियों ने धरना समाप्त किया।

#### शव को पहुंचाया जिला अस्पताल

नांगल राजावतान थाना प्रभारी हुसैन अली ने बताया कि ट्रक द्वारा टोलकर्मी को कुचला गया है। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद अन्य टोलकर्मियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया था, लेकिन टोल कंपनी से मुआवजे के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। घटना के बाद मौके से भागे ट्रक चालक को पीछा कर दौसा के पास पकड़ लिया गया। ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

## विद्यार्थियों का सम्मान, नज्मों से सजी महफिल

बेधड़क | चाकसू

आगामी ईदउलअजहा पर्व के मौके पर इमाम चौक मोहल्ला करारखानियान चाकसू में नौजवान कमेटी की ओर से कांफ्रेंस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आगाज नन्हे मुन्हे बच्चो ने मासूमियत के साथ नज्म-गजल व तरानो की प्रस्तुति से किया। इसके बाद जयपुर से तशरीफ फरमा शकील अशरफी, सय्यद मो. कादरी, हाजी हसीन अहमद ने सभा को संबोधित किया। इसमें उन्होंने हजरत इब्राहीम व हजरत इस्माइल के जीवन पर रोशनी डालते हुए कुर्बानी की अहमियत बयान की। उन्होंने कहा कि कुर्बानी का सच्चा अर्थ अपने अंदर की बुराइयों की कुर्बानी देना है। कार्यक्रम के आयोजक इकबाल



अहमद खुश्तर व नजीबुर्रहमान खोखर ने बताया कि समारोह के दौरान सत्र 2024 मे कक्षा 10 व 12वी में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। लोगो मे आयोजन का अपार उत्साह नजर आया। बड़ी संख्या में देर रात तक लोग जमे रहे। देश में अमन-चैन की सामूहिक दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

राज्य सरकार ने जारी की गाइडलाइन, 19 जून तक होंगे आवेदन

# प्रदेश के कॉलेजों में कल से शुरू होगी एडमिशन की दौड़

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में सोमवार से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट की ओर से गाइडलाइन जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार 12वीं पास स्टूडेंट्स फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए 19 जून तक अप्लाई कर सकेंगे। इसके बाद 28 जून को सिलेक्ट हुए स्टूडेंट्स की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी। वहीं 1 जुलाई से प्रदेश के 556 से ज्यादा सरकारी और 1850 से ज्यादा प्राइवेट कॉलेज में ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड पर पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी।

### छात्राओं को मिलेंगे बोनस अंक

राज्य सरकार की ओर से इस बार एडमिशन पॉलिसी में बड़ा बदलाव किया गया है। इस बार छात्राओं को 3% बोनस अंक दिए जाएंगे। साथ ही सेल्फ डिफेंस ब्लैक बेल्ट हासिल कर चुकी छात्राओं को पांच प्रतिशत बोनस अंक देने का फैसला किया है। वहीं, टीएसपी क्षेत्र में कॉलेजों में न्यूनतम स्टूडेंट की संख्या में 25% तक की छूट दी गई है। इसके साथ ही गरीब स्टूडेंट्स को फ्री शिक्षा देने का फैसला किया गया है। जबकि पाक विस्थापितों को भी प्रायोरिटी पर एडमिशन देने के लिए स्पेशल कोटा बनाया गया है।

### 14 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स को दिया जाएगा विभिन्न कॉलेजों में प्रवेश

राजस्थान में 556 से ज्यादा सरकारी कॉलेज है। इनमें 6 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स को परसेंटेज के आधार एडमिशन दिया जाएगा। वहीं, 1850 से ज्यादा प्राइवेट कॉलेज है, जिनमें 8 लाख स्टूडेंट्स को शिक्षा विभाग की एडमिशन पॉलिसी के आधार पर एडमिशन मिलेगा।



### कोरोना में दिवंगत माता-पिता के बच्चों को मिलेगी निशुल्क शिक्षा


प्रदेश के कॉलेज में एडमिशन के लिए आर्ट्स, कॉमर्स में कम से कम 45% और साइंस में कम से कम 12वीं में 48% नंबर लाने पर ही एडमिशन होंगे। मूल रूप से भारत के रहने वाले विदेशी बच्चों को भी राज्य के कॉलेज में एडमिशन दिया जाएगा। जबकि मूल रूप से विदेशी छात्रों को इस बार एडमिशन नहीं मिल सकेगा। कोरोना की वजह से जिन स्टूडेंट्स के पेरेंट्स या फिर जिन छात्राओं के पति की मौत हुई है। उन्हें मिनिमम मार्क्स के आधार पर फ्री एडमिशन दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें हॉस्टल की सुविधा भी फ्री मिलेगी। UGC के नियमों के अनुसार जो कॉलेज ऑनलाइन एजुकेशन के लिए माननीय नहीं है। उनकी डिग्रियों के आधार पर भी राजस्थान के कॉलेज में एडमिशन नहीं दिया जाएगा।

### एडमिशन पॉलिसी में ये किए बदलाव

गर्ल्स को एडमिशन में तीन प्रतिशत बोनस अंक दिए जाएंगे। इसके साथ ही उन्हें गैप एजुकेशन नियम में भी राहत दी गई है। पाकिस्तान विस्थापित और दिव्यांग अभ्यर्थियों को स्पेशल कोटे में एडमिशन दिया जाएगा। वहीं ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को केवल सहशिक्षा (को-एजुकेशन) कॉलेजों में न्यूनतम अंकों के आधार पर एडमिशन दिया जाएगा। खेलकूद के साथ समाज सेवा से संबंधित गतिविधियों में उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स को बोनस अंकों के आधार पर एडमिशन दिया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में हिस्सा लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए कॉलेज में फ्री सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। गरीब तबके के स्टूडेंट्स के लिए कॉलेज में प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की ओर से बुक बैंक की स्थापना की जाएगी। कॉलेज में एडमिशन के लिए भारतीय सेना, केंद्रीय सशस्त्र बल के कर्मचारियों और पूर्व कर्मचारियों के बच्चों के लिए 3% सीटें आरक्षित थीं। इनमें अब राजस्थान पुलिस कर्मियों के बच्चों को भी जगह मिलेगी।

## Yuva स्टोरीज

### जेईई एडवांस्ड परीक्षा का आज जारी होगा रिजल्ट




**बेधड़क** | नई दिल्ली।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास (आईआईटी मद्रास) यानी रविवार को जेईई एडवांस्ड 2024 पेपर 1 और पेपर 2 रिजल्ट जारी करेगा। परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवार संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट्र से इसे चेक और डाउनलोड कर सकेंगे। जेईई एडवांस्ड 2024 परिणाम डाउनलोड करने के लिए, उम्मीदवारों को आईआईटी मद्रास की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन क्रेडेंशियल के रूप में अपना आवेदन नंबर और जन्म तिथि दर्ज करना होगा। जेईई एडवांस्ड 2024 स्कोरकार्ड में उम्मीदवार के अंक, कॉमन रैंक लिस्ट और कैटेगरी रैंक लिस्ट शामिल होगी। इसके अलावा, प्राधिकरण IIT, JEE एडवांस्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर परिणामों के साथ जेईई एडवांस्ड टॉपर सूची जारी करेगा।

आपको बता दें कि आईआईटी मद्रास ने 26 मई को जेईई एडवांस्ड 2024 परीक्षा आयोजित की थी। उम्मीदवार जेईई एडवांस्ड के अंक बनाम रैंक जानने के लिए परिणाम देख सकते हैं ताकि यह पता चल सके कि परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर उन्हें कौन सी रैंक दी जा रही है।

### 15 से 22 जुलाई तक होगी CBSE सप्लीमेंट्री परीक्षा

**बेधड़क** | नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10, 12 के लिए सीबीएसई पूरक परीक्षा 2024 की डेट शीट जारी कर दिया है। बोर्ड कक्षा 10 के लिए सीबीएसई कंपार्टमेंट परीक्षा 15 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित करेगा, जबकि कक्षा 12 की परीक्षाएं 15 जुलाई को निर्धारित हैं। सीबीएसई सप्लीमेंट्री परीक्षा 2024 में शामिल होने वाले छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि यह पूरक तिथि पत्र अस्थायी है, और अंतिम तिथि पत्र सीबीएसई पूरक परीक्षा 2024 के लिए उम्मीदवारों की सूची (एलओसी) जमा करने की अंतिम तिथि के बाद जारी किया जाएगा। बोर्ड ने कहा, "यह संभावित डेट शीट छात्रों को उन विषयों का चयन करने में मदद करने के लिए प्रकाशित की गई है। सीबीएसई कक्षा 10वीं, 12वीं की पूरक परीक्षा का समय कुछ विषयों के लिए सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक और कुछ विषयों के लिए सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक है। कक्षा 12वीं की सभी विषयों की परीक्षा एक ही दिन आयोजित की जाएगी।

### FMGE आवेदन एडिट विंडो खुली, परीक्षा 6 जुलाई को

**बेधड़क** | नई दिल्ली।

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (NBEMS) ने शुक्रवार को फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन 2024 आवेदन सुधार के लिए फाइनल एडिट विंडो खोल दी है। पंजीकृत उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट nbe.edu.in पर जाकर FMGE जून आवेदन फॉर्म 2024 में बदलाव कर सकते हैं। एफएमजीई 2024 एप्लीकेशन फॉर्म में आवश्यक सुधार करने के लिए उम्मीदवारों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल जैसे पंजीकरण संख्या और जन्म तिथि की आवश्यकता होगी। इससे पहले, फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन 2024 (FMGE 2024) के लिए प्री-फाइनल एडिट विंडो की अंतिम तिथि 28 मई थी। आधिकारिक नोटिस में कहा गया कि, एफएमजीई जून 2024 के लिए अंतिम सुधार विंडो 10 जून रात 11:55 बजे तक खुली रहेगी।

फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन आवेदन सुधार विंडो बंद होने के बाद बोर्ड FMGE 2024 आवेदन पत्र में बदलाव करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगा। उम्मीदवार FMGE 2024 फाइनल एडिट विंडो के माध्यम से फोटो, हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान सहित गलत छवियों को सुधार सकते हैं। इसके अलावा, अभ्यर्थी एफएमजीई 2024 आवेदन पत्र में शैक्षणिक विवरण, जाति प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, जेंडर, कैटेगरी और उप-श्रेणी (पीडब्ल्यूबी) में भी बदलाव कर सकते हैं।

जोधपुर कृषि विवि के पांचवें दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल

# AI के उपयोग से जलवायु के अनुरूप कृषि का विकास हो

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि विद्यार्थी कृषि शिक्षा का उपयोग किसानों और कृषि अर्थव्यवस्था के जरिए देश के सुदृढ़ीकरण में करें। उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के लिए युवाओं को महत्ती भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कृषि में नवाचार अपनाते हुए कार्य किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने एआई के उपयोग से कृषि की वैश्विक चुनौतियों को स्वीकार करते कृषि वैज्ञानिकों से जलवायु अनुरूप कृषि के विकास के लिए भी कार्य करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने संविधान को सर्वोच्च बताते हुए अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहने का आह्वान किया। मिश्र जोधपुर स्थित कृषि विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह और वहां संविधान पार्क के लोकार्पण समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश तेजी से विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। कृषि क्षेत्र की इसमें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए कृषि शिक्षा के जरिए देश के भावी विकास की योजनाओं के विद्यार्थी सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क इसीलिए बनाए गए हैं कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली नई पीढ़ी संविधान संकृति से जुड़ सके। उन्होंने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों के संदर्भ में युवाओं को भारतीय उदात्त जीवन मूल्यों से जुड़ने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने पर भी जोर दिया।





### पुराने ग्रंथों में व्यवस्थित ढंग से कृषि और पशुपालन के प्रमाण

मिश्र ने कहा कि वैदिक काल, ऋग्वेद तथा अन्य वैदिक ग्रन्थों से हमें व्यवस्थित ढंग से कृषि और पशुपालन के प्रमाण निरंतर मिलते रहे हैं। इससे पता चलता है कि तब खेती कितनी अधिक व्यावहारिक और वैज्ञानिक थी। उन्होंने कहा कि व्यावसायिकरण और अधिक उत्पादन की लालसा ने कृषि क्षेत्र को सभी दृष्टि से अलाभकारी बना दिया है। उन्होंने कहा कि कृषि अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। हम एक ऐसी रणनीति विकसित करें। जिससे खेती समग्र रूप में देश के लिए लाभकारी हो। साथ ही, कृषि शिक्षा में पारम्परिक कृषि से आधुनिक तकनीक की शिक्षा पर ध्यान देते हुए कार्य किया जाए।

### कृषि विज्ञान केंद्रों से मिले अपडेट सूचनाएं

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय कृषि शिक्षा के अंतर्गत भूमि की उर्वरा शक्ति को बचाए रखने, उन्नत बीज के देशी संस्करणों के विकास, जलवायु के आधार पर स्थान विशेष में खेती के साथ किसानों के पारम्परिक ज्ञान को सहेजते हुए कार्य करे। कहा कि वहां से हर आम और खास को युगानुकल कृषि विकास से जुड़ी अद्यतन सूचनाएं मिल सके। मिश्र ने कहा कि वर्तमान समय आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस का है। एआई प्रौद्योगिकियां रोपण, निराई, सिंचाई कीट नियत्रण और कटाई जैसे कुछ कृषि कार्यों को स्वचालित करके मैन्युअल श्रम की आवश्यकता को कम करने और खेतों पर दक्षता बढ़ाने में मद्दगार है। एआई किसानों को किसी विशेष मौसम परिदृश्य के लिए उचित और व्यावहारिक बीज चुनने में मदद करता है। साथ ही, यह मौसम पूर्वानुमान पर डेटा भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एआई-संचालित समाधान किसानों को कम संसाधनों के साथ अधिक उत्पादन करने, फसल की गुणवत्ता बढ़ाने और उत्पाद को बाजार तक पहुंचने में तेजी लाने में मदद कर सकते हैं।

### राजस्थान का पहला विश्वविद्यालय जहां ऑर्गेनिक फार्मिंग कोर्स

कृषि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. बी आर चौधरी ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर बहु-सकाय संस्थान के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हुआ है। यहाँ कृषि के अतिरिक्त डेयरी प्रौद्योगिकी, कृषि अभियांत्रिकी, तथा खाद्य प्रौद्योगिकी के पाठ्यक्रम प्रारंभ किये गये हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 से कृषि व्यवसाय प्रबंधन में MBA तथा Soil Science मे M.Sc. पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए है। राजस्थान में यह पहला विश्वविद्यालय है जहाँ Organic Farming कोर्स प्रारंभ किया गया है।

### इन्हें प्रदान की डिग्रियां

कृषि विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने स्नातक की 165, स्नातकोत्तर की 18, पीएचडी की 3 डिग्री और टॉपर को 8 स्वर्ण पदक प्रदान किए। राज्यपाल ने कृषि विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित उन्नत बीज, खाद और कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित स्मारिका का लोकार्पण किया। आरंभ में सभी को उन्होंने संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया।

स्टूडेंट्स ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

# नीट यूजी रिजल्ट की CBI जांच की उठी मांग



**बेधड़क** | कोटा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित NEET UG 2024 के रिजल्ट में धांधली सामने आई है। इस मामले में लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। वहीं शनिवार को एनएसयूआई ने भी कोटा में प्रदर्शन किया। इसके तहत एनएसयूआई ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कर दी। इसमें शहर के सभी कॉलेजों के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया गया।

नीट यूजी परीक्षा को रद्द व सेंट्रल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) से जांच करवाने की मांग रखी गई है। जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा ने बताया कि नीट यूजी एक्जाम में पेपर लीक व रिजल्ट में हुई धांधली हुई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पूरी तरह से शक के घेरे में है, क्योंकि पेपर लीक की बात सामने आई है। इसके बावजूद मानने को तैयार नहीं है।

परीक्षा में एक साथ इतने स्टूडेंट के परफेक्ट स्कोर बन जाना संभव नहीं है। इसके साथ ही एक केंद्र पर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों का टॉपर बनना भी शक के दायरे में है। इतना सब कुछ हो जाने के बावजूद भी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का रवैया ठीक नहीं है। इसीलिए इस पूरे प्रकरण पर सीबीआई की जांच जरूरी है। इसके पहले इस परीक्षा को रद्द किया जाए और दोबारा परीक्षा ली जाए, जिसके जरिए ही मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिया जाए। विशाल मेवाड़ा का कहना है कि ऐसा लग रहा है, चोरी से परीक्षा पास होने वाले स्टूडेंट्स के साथ सरकार खड़ी है। जबकि जिन स्टूडेंट्स ने अच्छे से पढ़ाई की और ईमानदारी से पेपर दिया है। वह सफल नहीं हो पाए हैं और उनके साथ यह घोर अन्याय हुआ है। प्रदर्शन के दौरान पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष किशन भाटिया, अंकित पांचाल व मोहित वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में छात्र शामिल रहे।

### SSC CHSLपरीक्षा तिथि में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तरीय परीक्षा (एसएससी सीएचएसएल 2024) की तिथि में संशोधन की घोषणा की है। आयोग ने 8 अप्रैल को जारी अधिसूचना में बदलाव करते हुए टियर 1, पेपर 1 परीक्षा की नई तिथि जारी की है। आयोग की आधिकारिक वेबसाइट ssc.gov.in पर जारी अधिसूचना के अनुसार एसएससी सीएचएसएल टियर 1 परीक्षा 1 से 11 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। जारी शेड्यूल के मुताबिक, एसएससी सीएचएसएल टियर 1 परीक्षा (कंप्यूटर आधारित परीक्षा या सीबीई) 1, 2, 3, 4, 5, 8, 9, 10 और 11 जुलाई को आयोजित की जाएगी। जबकि सेलेक्शन पोस्ट फेज XII की परीक्षा 20, 21, 24, 25 और 26 जून को होगी। एसएससी की अधिसूचना में कहा गया है, "दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल परीक्षा, 2024 (पेपर- I) में सब-इंस्पेक्टर का कार्यक्रम वही रहेगा। यानी 27 से 29 जून होगी।

परीक्षा | एनटीए ने सामने रखा पक्ष

# कमेटी की जांच रिपोर्ट के बाद होगा नीट पर फैसला

**बेधड़क** | नई दिल्ली

नीट यूजी परीक्षा रिजल्ट 2024 जारी होने के बाद से ही लगातार विवादों में बना हुआ है। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से NEET UG 2024 रिजल्ट्स के संबंध में छात्रों और हितधारकों की बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए एक आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए सवालों के जवाब दिए।




प्रेस कॉन्फ्रेंस में एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय ने नीट-यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस अंकों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय पैनल का गठन किया है। कमेटी एक सप्ताह में रिपोर्ट देगी और उसके अनुसार निर्णय लिया जाएगा।

एनटीए प्रमुख ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए संवाददाताओं से कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो समिति की सिफारिशों के आधार पर 1,600 उम्मीदवारों के लिए परिणाम संशोधित किए जाएंगे। बता दें कि NEET UG 2024 परीक्षा 5 मई को 571 शहरों में स्थित 4,750 विभिन्न केंद्रों पर 24 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए आयोजित की गई थी। डीजी एनटीए ने कहा कि 24 लाख छात्रों में से केवल 1,600 छात्र प्रभावित हुए जो 6 परीक्षा केंद्रों में उपस्थित हुए थे।

### 6 केंद्रों व 1600 कैंडिडेट्स का मामला

एनटीए के महानिदेशक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि नीट परीक्षा से संबंधित मुद्दा 6 केंद्रों और 1600 कैंडिडेट्स से संबंधित है। हमने विशेषज्ञों की एक समिति बनाई थी, मुद्दे का विश्लेषण किया और शिकायतों का समाधान किया। उन्होंने कहा कि हमारी समिति ने बैठक की और केंद्रों, सीसीटीवी के सभी विवरणों पर गौर किया और पाया कि केंद्रवार समय बर्बाद हुआ और छात्रों के अंकों की भरपाई करना चाहिए। शिकायतों को दूर करते हुए उसके अनुरूप ही अंक बढ़ाए गए हैं।

### केंद्र का दौरा करेगी टीम

एनटीए महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति हरियाणा के बहादुरगढ़ केंद्र का फिर से दौरा करेगी, जो प्रभावित छह केंद्रों में से एक है। एनटीए महानिदेशक ने कहा कि दो उम्मीदवारों ने क्रमशः 718 और 719 अंक प्राप्त किए और 6 उम्मीदवार टॉपर बन गए। यह सवालों की संख्या के बारे में नहीं है, बल्कि स्केलिंग फॉर्मूला से होने वाले अंकों के अंतर के बारे में है।

### यह रहा था विवाद

गौरतलब है कि नीट में 67 छात्रों के 720 में से 720 अंक पाने और कटऑफ के अचानक आसमान छूने के बाद हजारों छात्र, पेरेंट्स और कोचिंग संचालक पेपर लीक का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने भी नीट मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग कर डाली है। पिछले दिनों दी गई एनटीए की सफाई उन्हें तार्किक नहीं लग रही है। बहुत से नीट अभ्यर्थियों का आरोप है कि नीट का पेपर लीक होने की वजह से रैंक और नंबर को बुरी तरह प्रभावित किया है। पेपर लीक होने की वजह से रैंक में इनफ्लेशन हुआ है। सोशल मीडिया पर अभ्यर्थी नीट स्कैम, नीट परीक्षा रद्द करो और नीट रिजल्ट फिर से जारी करो हैश टैग से लगातार अभियान चला रहे हैं।

## एक चट्टान को काटकर बनाया गया है अजंता-एलोरा का कैलाश मंदिर

# कैलाश नहीं जा सकते तो यहां कर लो दर्शन... उतना ही मिलेगा पुण्य!




**पंकज ओझा**

राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


### शाश्वत सनातन

*एलोरा की 16 नंबर गुफा। जिक्र इसलिए कि इसमें बना है कैलाश मंदिर। एक चट्टान को काटकर बना यह मंदिर भारतीय वास्तुकला का अद्भुत नमूना तो है। यूनेस्को ने 1983 में इस स्थल को विश्व विरासत स्थल घोषित किया है। अजंता-एलोरा के कैलाश मंदिर के बारे में कई किंवदंतियां हैं। कोई कहता है कि इसे एलियन ने बनाया है तो कोई कहता है कि इसके नीचे दिव्य अस्त्र छिपे हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे हिमालय के कैलाश की तरह ही रूप देने का प्रयास किया गया है। इस मंदिर का निर्माण करवाने वाले राजा का यह मानना था कि यदि कोई इंसान हिमालय तक नही पहुंच पाए तो यहां आकर भोलेनाथ के दर्शन कर उतना ही फल प्राप्त कर सकता है। इस मंदिर में आज तक कभी कोई पूजा हुई हो इसका कोई प्रमाण नहीं मिलता है। शुरुआत में इस मंदिर को कृष्णेश्वर कहा जाता था, लेकिन फिर इसे कैलाश मंदिर कहा जाने लगा। इस मंदिर को सफेद रंग से रंगा गया था, जो दिखने में एकदम कैलाश पर्वत की तरह दिखाई देता था और हिन्दू पुराणों के अनुसार कैलाश पर्वत शिवजी का निवास स्थान है।*



### राष्ट्रकूट वंश के राजा नरेश कृष्ण प्रथम ने बनवाया था मंदिर

*कैलाश मंदिर का निर्माण आठवी शताब्दी में राष्ट्रकूट वंश के राजा नरेश कृष्ण प्रथम ने 757-783 ई में शुरू करवाया था। कैलाश मंदिर 300 फुट लम्बा, 175 फुट चौड़ा है और ऊंचाई 100 फुट है। खास बात ये है कि इस मंदिर को सिर्फ एक चट्टान को काटकर बनाया गया है। कुछ भी जोड़ा नहीं गया है। सारा काम नक्काशी के जरिए हुआ है। राष्ट्रकूट राजवंश के अभिलेखों के अनुसार कैलाश मंदिर बनाने में 18 साल का समय लगा। कई पुरातत्व विद ये भी मानते हैं कि इस विशालकाय मंदिर का निर्माण एक चरण में नहीं किया गया होगा, बल्कि इसे कई सालों में अलग अलग राजाओं द्वारा बनाया गया होगा। मंदिर की एक और खासियत है, जो इसे बिल्कुल अनूठा बनाती है। वह यह है कि जिस तरह ये मंदिर बनाया है, उससे पता चलता है कि इसे चट्टान को ऊपर से नीचे की ओर काटकर बनाया गया। दुनियाभर में ये सामान्य तरीका दिखाई देता है कि चट्टान को सामने या नीचे से ऊपर की ओर काटकर तराशा जाए। ऐसा क्यों किया गया यह ठीक-ठीक तो नहीं बताया जा सकता, लेकिन एक लोक कहानी है जो इस ओर संकेत करती है।*






### मंदिर को लेकर यह कथा है प्रचलित

कहानी के अनुसार अलाजपुर नाम का राज्य हुआ करता था। इसके राजा का नाम था एलु। एक बार एलु बीमार हो गए। तब उनकी रानी ने जंगल में जाकर भगवान घृष्णेश्वर की पूजा की और उनसे प्रार्थना की कि अगर राजा सही हो गए तो वो भगवान शिव का एक मंदिर बनाएगी। तब तक खाना नहीं खाएगी जब तक वो उस मंदिर का शिखर बनते न देख ले। इसके कुछ समय बाद राजा की बीमारी ठीक हो गई तब रानी ने राजा से कहकर एलोरा में एक शिव मंदिर का निर्माण शुरू करवाया। दिक्कत ये थी कि मंदिर बनाने में सालों का वक्त लग सकता था। तब तक रानी भूख से मर जाती, इसलिए राजा ने अपने कारीगरों से कहा कि वो मंदिर का निर्माण ऊपर से नीचे की ओर करें, ताकि सबसे पहले उसका शिखर बन सके और उसे देखकर रानी अपना व्रत तोड़ सकें। मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद उन्होंने इसका नाम मणिकेश्वर रखा और आसपास एलापुर नाम का एक शहर भी बसाया।



### कविता

## प्रतिद्वंद्वी






**डॉ.कांता मीना**

शिक्षाविद एवं साहित्यकार


अच्छा चलो कल से हम
नहीं रहेंगे, तुम्हारे प्रतिद्वंद्वी

क्यों ना हम भी कर लें
इसी बात पे रजामंदी

बेवजह दिखाता नहीं
कोई आजकल किसी
से भी हमदर्दी।
एक अरसे से वैसे भी
हम यही बात सुना करते हैं।
सदा से ही चला करती है
मानवता के द्वार पर मंदी

फिर क्यों उलझें हम
बेवजह एक दूजे से
इस बात पर कि कौन
बाहर का है और कौन घर का।
बस विचार तुम्हारे
हमारे बेमेल हैं।

सब सिद्धांतों का ही
तो खेल है।
अच्छा चलो कल से हम
नहीं रहेंगे तुम्हारे प्रतिद्वंद्वी।

### शब्दों की सीख

# अनपढ़ का शिष्टाचार 'लेसन'




**महेश कुमार केशरी**

बोकारो, झारखंड


लखविंदर जल्दी में था। वो तेज-तेज कदमों से सीढ़िया उतरने लगा। उसकी टैक्सी स्टेशन के बाहर खड़ी थी। जल्दबाजी में अचानक वो दो सीढ़ियां एक साथ उतर गया और गिरते-गिरते बचा। प्लेट फॉर्म की आखिरी सीढ़ी पर कोई युवक सोया हुआ था। लखविंदर उस पर बरस पड़ा- तुमलोगों को सोने के लिए और कोई जगह नहीं मिलती है क्या? ये स्टेशन तुम्हारे बाप का है क्या? आखिर सीढ़ियों के पास कौन सोता है? तुम लोग शुरू से ही जाहिल और गँवार किस्म के लोग रहे हो। इडियट ..नॉन सेंस। जंगली, गंवार। तुम्हें पता नहीं है कि मेरी टैक्सी बाहर खड़ी है और मैं तुम्हारी वजह से अभी गिरते गिरते बचा हूं।

युवक अब उठकर बैठ गया था। मैले कुचैले कपड़ों में वो कोई मजदूर मालूम पड़ता था। बोला - बाबूजी दिन भर रिक्शा खींचता हूं। प्लेट फॉर्म के किनारे इसलिए नहीं सोता कि लोग बाग दिनभर इस प्लेटफॉर्म से उस प्लेटफॉर्म पर भागते रहते हैं। हम गरीबों को नींद भी कहां आ पाती है। एक ट्रेन जाती नहीं कि दूसरी आ जाती है। कायदे से जब हम किसी से टकराते हैं या किसी को गलती से हमारा पैर लग जाता है तो हम सामने वाले को छूकर प्रणाम करतें हैं। इसको शायद मैनर्स कहा जाता है। हिंदी में शिष्टाचार। लेकिन, आपा-धापी में हम शिष्टाचार भूलने लगे हैं।

युवक थोड़ा रुका। फिर, बोला- सॉरी सर। मैं आपके रास्ते में आकर प्लेटफॉर्म पर सो गया था। बाबूजी एक बात बोलूं। आदमी को खाना कम बेसी मिले चल जाता है, लेकिन नींद पूरी मिलनी चाहिए। हमारी जिंदगी में तो नींद भी ठीक से नहीं मिल पाती है। सब अपना-अपना नसीब है बाबूजी! क्या कीजिएगा। बाबूजी आपको कहीं लगी तो नहीं ना। पैर में कुछ मोच-वोच तो नहीं आ गई। लाइए, आपके टखने दबा देता हूं। लड़का लखविंदर के पैर पकड़कर दबाने लगा। नहीं ठीक है, रहने दो। वह जल्दी से बाहर निकला।

टैक्सी में बैठा तो उसे उस युवक की बातें याद आने लगी। आदमी आखिर है क्या? वक्त के हाथों की कठपुतली। बातचीत के लिहाज से वो लड़का बिहारी लग रहा था। यहां चड़ीगढ़ में वो रिक्शा खींचता होगा। उसने कयास लगाया। स्टेशन के बाहर ही तो जहाँ वो सोया हुआ था। उससे थोड़ी दूरी पर एक रिक्शा खड़ा था। वो याद करने लगा अपने पुराने दिन। वो भी तो चंड़ीगढ़ छोड़कर मद्रास चला गया था अपने काम के सिलसिले में। वहीं, स्टेशन के बाहर बस डिपो के पास उसकी भी तो कई रातें ऐसे ही तो बीती थीं। उसके पास तो उन दिनों खाने तक के पैसे नहीं होते थे। कई दिनों तक तो कई बस कंडक्टरों और ड्राॅइवरों ने उसे खाना खिलाया था। तब उन लोगों ने तो ऐसा व्यहवार उसके साथ नहीं किया था। उसने उस रिक्शेवाले को कितना सुनाया । आखिर कौन परदेश में परदेशी नहीं है। अपनी जगह कोई जानबूझकर तो नहीं छोड़ता है। सब पेट के चलते ही तो देश-निकाला हो जाते हैं। ना जाने किसकी तकदीर में कहां का दाना-पानी लिखा है। सही तो कहा है किसी ने। ये पेट जो ना होता तो भेंट नहीं होता। आज सब जल्दी बाजी में हैं। एक दूसरे को कुचलकर आगे बढ़ने की फिराक में। सबको जल्दी है। भले ही वो दूसरों का हक छीन ले! किसके पास मैनर्स की कमी है। कौन ईडियट, नॉनसेंस ,कौन जंगली या गंवार है। बंद एसी कार में भी लखविंदर को पसीना आने लगा। उसने खिड़की खोल दी। फिर ड्राइवर से बोाला- सुनो! कार को वापस स्टेशन की तरफ मोड़ लो। सर , क्यों? अपना बैग मैं छह नंबर प्लेट फॉर्म पर ही भूल गया हूं। लखविंदर झूठ बोल गया। आप बेकार ही जा रहें हैं। स्टेशन पर छूटी हुई चीजें चोरी हो जातीं हैं। कभी नहीं मिलतीं। कोई बात नहीं । फिर भी चलो। रास्ते भर लखविंदर यही सोचता रहा कि किसी तरह वो लड़का उसे उसी जगह फिर से वापिस मिल जाए।

आधे पौन घंटे के बाद लखविंदर फिर से चंडीगढ़ के उसी स्टेशन पर था। लखविंदर की बैचैनी बहुत बढ़ गई थी। उसे पता नहीं ऐसा क्यों लग रहा था कि वो युवक प्लेटफॉर्म पर नहीं मिलेगा। सचमुच में लखविंदर ने जैसा सोचा था । ठीक वैसा ही हुआ। लड़का उस छह नंबर प्लेट फॉर्म पर नहीं था। वो वापस स्टेशन से बाहर निकलने को हुआ तभी रास्ते में एक उसी शक्लो सूरत का एक शख्श उससे जा टकराया। ये वही लड़का था। लखविंदर बोला - भाई तुम वही रिक्शेवाले हो ना जिसको कि मेरे टखने से चोट लगी थी । जी नहीं । मैं तो अभी - अभी आया हूं। युवक साफ - साफ झूठ बोल गया। दरअसल वो रिक्शेवाला लखविंदर की परीक्षा ले रहा था ।

ओह! माफ करना भाई। आपकी तरह का ही एक नौजवान रिक्शेवाला था, जिसे में बहुत भला बुरा कह आया था। बहुत अफसोस है, यार मुझे इस बात का। एक तो मैं उसके ऊपर चढ़ा और उसको ही बहुत भला-बुरा भी कह दिया । बेचारे उस लड़के की कोई गलती नहीं थी। मैं ही शिष्टाचार भूल गया था। आप भी तो रिक्शा चलाते हैं , ना । क्या आप जानते हैं उसे? कौन भीखू, जो छह नंबर पर सोता है । हां, मैं उसे जानता हूं। उसको कुछ कहना है क्या? उसका नाम भीखू है। भाई, इस पत्र में मैनें अपना सब हाल लिख दिया है। भीखू मिले तो उसको दे देना। लखविंदर के दिमाग में इस बात का इलहाम पहले से था। उसने कार में ही अपने ऑफिस के पैड पर एक खत उस युवक के नाम लिख दिया था।

प्रिय भाई ..

पता नहीं ये कैसा संयोग है कि एक अनपढ़ आदमी ने मुझ जैसे पढ़े- लिखे आदमी का घमंड चकनाचूर कर दिया है। आप जहां सोए थे। वैसी जगह पर मैनें भी अपनी गरीबी भरे दिन ऐसे ही बिताए थे। बहुत फाकाकशी और गुरबत के दिन मैनें भी देखे हैं। मैं अपने पुराने दिन भूल गया। आज जब मैं आपके ऊपर गिरा तो कायदे से मुझे आपसे माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन, ये पुनीत कार्य भी आप ही कर गए। मैं अपने व्यवहार पर बहुत लज्जित हूं। मुझे अपना बड़ा भाई समझकर माफ कर देना। मैं अभी चँड़ीगढ़ में ही हूं। खत में पूरा नाम, पता, मोबाइल नंबर लिख दे रहा हूं । आपको कभी भी किसी सहायता की जरूरत हो तो निः संकोच होकर संपर्क करें।

आपक भाई लखविंदर सिंह

भीखू ने पत्र अपने हाथ में रख लिया। फिर बोला- अगर वो लड़का ना मिला तो? तो ऐसा करो उसका पता भी इस छोटी डायरी में लिख दो। लखविंदर ने जेब से एक छोटी डायरी निकालकर दी। पता तो मैं आपको लिख कर दे दे रहा हूं, लेकिन उसे आप घर जाकर ही पढ़न । लखविंदर ने हां में सिर हिलाया। लखविंदर स्टेशन से बाहर निकला और कार में बैठ गया। रास्ते में लखविंदर सोचता जा रहा था। बेकार ही वो स्टेशन गया। उस लड़के से मुलाकात भी नहीं हो पाई। तभी उसे डायरी का ध्यान आया। उसमें पता तो नहीं था। अलबत्ता एक खत था ।

बड़े भइया

मैं आपको देखते ही पहचान गया था। आपकी मुखमुद्रा देखकर मुझे लगा कि आप मुझे ही ढूंढ रहे हैं, लेकिन मैं डर गया था कि कहीं आप मुझे और भी भला-बुरा ना कहने लगें। दरअसल मैं वहीं लड़का हूं जो छह नंबर प्लेट फॉर्म पर सोता हूं। मेरा ही नाम भीखू है। मैं आपको अपने सामने शर्मिंदा होते नहीं देख सकता था। इसी संकोच के कारण भी मैं आपसे कुछ ना कह सका। मैं आपको छोटा नहीं दिखाना चाहता था। इसीलिए अपना परिचय छिपाया। कभी इस लायक हुआ तो आपसे मिलने आपके घर जरूर आऊंगा ।

आपका छोटा भाई भीखू।

पत्र पढ़कर लखविंदर के आंखों से आंसू बहने लगे। सचमुच भीखू के अंदर भरे शिष्टाचार के सामने लखविंदर बहुत छोटा था।

### जनता दल (यू) नेता केसी त्यागी के दावे पर बोले कांग्रेस महासचिव- हमें ऐसी जानकारी नहीं

# इंडिया गठबंधन ने नीतीश को PM पद की पेशकश की, पार्टी ने ठुकराई

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की अगली सरकार के गठन की तैयारियों के बीच जेडीयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने दावा किया है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद की पेशकश की गई थी। लेकिन जेडीयू ने इस पेशकश को ठुकरा दिया।

त्यागी के इस दावे पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को कहा कि हमारे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है। ज्ञात रहे कि जदयू राजग के साथ है और बिहार में भाजपा व जदयू ने



मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ा था। वहीं, नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राजग की बैठक में राजग संसदीय दल के नेता पद पर नरेंद्र मोदी के नाम के प्रस्ताव का अनुमोदन किया था और कहा था कि वे राजग के साथ हैं। लेकिन राजनीतिक गलियारों में शुरुआत से ही कहा जा रहा है कि नीतीश सबके हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार त्यागी ने एक समाचार चैनल के साथ बातचीत में कहा था कि राजनीति का खेल ऐसा है कि जिन लोगों ने नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन का राष्ट्रीय संयोजक बनाने से इनकार कर दिया, अब वे नीतीश को पीएम बनाने की पेशकश कर रहे हैं। लेकिन नीतीश कुमार और हमारी पार्टी ने इस पेशकश को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कांग्रेस और दूसरे दलों पर नीतीश कुमार के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इंडिया गठंधन में वापस नहीं लौटेगी। त्यागी ने कहा, नीतीश कुमार ने अपने भाषण में ये स्पष्ट कर दिया है कि हम किसके साथ खड़े हैं। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग हम शुरूआत से कर रहे हैं और आज भी हम उस पर कायम है और आगे भी कायम रहेंगे।

#### नीतीश पर बढ़ गई राजग की निर्भरता

इस बीच, बिहार की राजधानी पटना में मुख्यमंत्री का एक बड़ा पोस्टर लगाया गया है, जिसके साथ 'टाइगर जिंदा है' लिखा है। पोस्टर पर लिखे संदेश से यह स्पष्ट होता है कि मतदाताओं के बीच नीतीश कुमार की लोकप्रियता अब भी बरकरार है। पार्टी नेताओं के एक वर्ग की राय है कि नीतीश कुमार को टाइगर कहना पूरी तरह से उचित है, क्योंकि यह साबित हो गया है कि उनका जादू बरकरार है। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में राजग को अपने राजनीतिक समीकरणों को साधने में जदयू की जरूरत थी। हालांकि, बिहार में राजग के दोनों सहयोगी दलों भाजपा और जदयू ने 12-12 सीटें जीतीं है लेकिन भाजपा को केंद्र में सरकार बनाने के लिए पर्याप्त सीट नहीं मिली हैं। इसके चलते राजग के सहयोगी दलों पर निर्भरता बढ़ गई है।

#### नीतीश ने की थी विपक्ष को एकजुट करने की पहल

विपक्ष को एकजुट करने के लिए नीतीश कुमार ने काफी मेहनत की थी। एक-एक नेताओं से मिलकर सबको एकजुट किया था। इसके बाद एक समय ऐसा भी आया जब नीतीश कुमार को इंडिया से अलग होना पड़ा। तब माना गया कि नीतीश कुमार इंडिया एलायंस का कॉन्वेनर बनना चाहते थे मगर, कांग्रेस ने पहल नहीं की।

#### एंटी माइनॉरिटी मुहिम नहीं चलने दी जाएगी

त्यागी ने कहा कि एनडीए गठबंधन में उनकी पार्टी के रहते कोई भी एंटी मुस्लिम या एंटी माइनॉरिटी मुहिम नहीं चलने दी जाएगी। त्यागी ने मंगलसूत्र, मुसलमान से जुड़े सवाल पर कहा कि यह चुनाव में था और उसे भूल जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किशनगंज में 65 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम वोटर हैं लेकिन वहां ओवैसी की पार्टी नहीं बल्कि जेडीयू का उम्मीदवार नंबर 2 पर रहा। नीतीश कुमार पर लोगों का भरोसा है। यूसीसी को लेकर केसी त्यागी ने कहा कि कुछ भी थोपा नहीं जाना चाहिए। सभी मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा इस पर होनी चाहिए।

### जजपा की सभी इकाइयां भंग, नई नियुक्ति होगी



**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव में बेहद खराब प्रदर्शन के बाद जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने अपनी सभी प्रमुख इकाइयों को भंग कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने तुरंत प्रभाव से राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रदेश कार्यकारिणी, सभी जिला व हलका स्तरीय कार्यकारिणी को भंग किया है। अन्य प्रदेशों की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को भी पदमुक्त कर दिया गया है। चौटाला ने कहा कि जल्द ही नए पदाधिकारियों की नियुक्तियां की जाएंगी। पार्टी अपने संगठन में बदलाव करके नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगी। संगठन के पुनर्गठन में मेहनती, ऊर्जावान नेताओं व कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी दी जाएगी।

### उद्धव गुट के दो सांसद संपर्क में होने का दावा

**नई दिल्ली।** सीएम एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को दावा किया कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना के दो नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्य मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं। पार्टी के प्रवक्ता नरेश म्हास्के ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दलबदल विरोधी कानून का हवाला देते हुए दोनों लोकसभा सदस्यों का नाम लेने से इनकार कर दिया। हालांकि आगे कहा कि दोनों नेताओं के साथ जल्द ही चार और सांसद जुड़ जाएंगे और शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल होंगे। म्हास्के ने कहा, उद्धव ठाकरे ने जिस तरह से बसों में सवार होकर आए एक खास समुदाय से वोट मांगा, उससे दोनों लोकसभा सदस्य नाखुश थे। इसलिए ठाकरे खेमे के दो लोकसभा सदस्य हमारे साथ संपर्क में हैं। उनके साथ चार और सदस्य जुड़ेंगे। इसके बाद यह सभी सदस्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करेंगे।

### CWC की बैठक: नतीजों की समीक्षा... भविष्य की रणनीति पर मंथन

# 24 घंटे लोगों के बीच रहें, शहरी क्षेत्रों पर करें अब फोकस: खरगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बाद शनिवार को पहली बार कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस चुनाव नतीजों की समीक्षा की गई, साथ ही भविष्य की रणनीति पर भी मंथन हुआ। बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस बात पर जोर दिया कि सत्ता में हो या नहीं, हमें निरंतर काम करते रहना है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे, 365 दिन लोगों के बीच रहना होगा। जनता ने हम पर विश्वास जताकर तानाशाही शक्तियों और संविधान विरोधी ताकतों को कड़ा जवाब दिया है।

खरगे ने कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी ने भी कांग्रेस पर भरोसा किया है। ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस को अच्छा समर्थन मिला है। हालांकि शहरी क्षेत्रों में अभी काम करने की जरूरत है। कई राज्यों के ऐसे शहरी इलाके हैं जहां कांग्रेस ने विधानसभा के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन इस बार विफल रही है। ऐसे इलाकों पर फोकस करने की जरूरत है। बैठक में खरगे ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को धन्यवाद दिया है। उन्होने पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी चुनाव के दौरान सक्रिय रहने के लिए धन्यवाद दिया। खरगे ने कहा, लोगों को कांग्रेस में विश्वास है। देश के मतदाताओं ने भाजपा के 10 साल के शासन को नकारा है। भाजपा ने इस देश में बांटने की और घृणा की राजनीति की है। उन्होंने कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी। उन्होंने कहा, हम लड़े और जीते। परिस्थितियां प्रतिकूल थीं फिर भी हमारी जीत हुई। खरगे ने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति देशभर में फैले कांग्रेस पार्टी के नेताओं और करोड़ों कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करती है, जिन्होंने पिछले कुछ महीनों में अथक परिश्रम किया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के मतदाताओं ने भाजपा के 10 साल की विभाजनकारी, नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति को खारिज किया है।




#### कुछ जगह परिणाम सही नहीं

जहां हम कुछ राज्यों में कांग्रेस पार्टी के अच्छे प्रदर्शन पर खुश हैं, तो वहीं उन राज्यों पर भी खास तौर से गौर करना होगा, जहां कांग्रेस पार्टी की संभावनाओं और अपेक्षाओं के विपरीत परिणाम आए। जहां हमने विधानसभा में अच्छा प्रदर्शन कर सरकार बनाई, लेकिन लोकसभा में उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाए। इन सभी बातों पर हम जल्दी ही अलग से चर्चा करेंगे। जो तात्कालिक कदम उठाना होगा, वो भी हम उठाएंगे।'

#### राहुल गांधी और उनकी यात्राओं को सराहा

खरगे ने राहुल गांधी की सराहना करते हुए कहा, मैं लोगों के चहेते राहुल गांधी को भी बधाई दूंगा, जिन्होंने संविधान, आर्थिक गैर बराबरी, बेरोजगारी और सामाजिक न्याय और सौहार्द्र जैसे मसलों को जन-जन का मुद्दा बना दिया। यह राहुल के नेतृत्व में दो साल पहले चार हजार किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा और फिर 6,600 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का फल है, जिसकी मदद से हमें जनता से जुड़ने और उनकी समस्याओं, सरोकारों, और आकांक्षाओं को जानने में मदद मिला। इसी आधार पर कांग्रेस पार्टी ने अपना चुनावी अभियान तैयार किया।

#### जहां से यात्रा गुजरी, वहां सीटों की बढ़ोतरी

खरगे ने कहा, यहां मैं इस बात का भी खास उल्लेख करना चाहूंगा कि जहां-जहां से भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरी, वहां पर कांग्रेस पार्टी के वोट प्रतिशत और सीटों में बढ़ोतरी हुई। मणिपुर जहां से न्याय यात्रा शुरू हुई, वहां हम दोनों सीटें जीते। नगालैंड, असम, मेघालय जैसे उत्तर-पूर्व के कई राज्यों में हमे सीटें मिली। महाराष्ट्र में हम सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरे। देशभर में कांग्रेस पार्टी को लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए लोगों का अपार समर्थन मिला।

#### इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों की तारीफ की

खरगे ने अपने इंडिया गठबंधन के साथी दलों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि खास तौर पर अपने साथी दलों की प्रशंसा करना चाहूंगा। विभिन्न राज्यों में सभी सहयोगी दलों ने अहम भूमिका निभाई, हर पक्ष ने यथासंभव योगदान दिया। एक स्वर में साथ रहे। इंडिया गठबंधन के साथियों के साथ हम संसद और संसद के बाहर एकजुट होकर और मिलकर काम करेंगे।

#### जनमत को करते हैं विनम्रता से स्वीकार

उन्होंने कहा कि जिन अहम मुद्दों पर हम चुनाव अभियान में गए वे आम जनता के सरोकार के मुद्दे हैं। इसलिए वे हमेशा हमारी ध्यान में रहेंगे। संसद और संसद के बाहर जनता के इन सवालों को हम लगातार उठाते रहेंगे। हम जनमत को विनम्रता से स्वीकार करते हैं। देश की जनता के एक बड़े तबके ने हम पर भरोसा किया है। हम उनका भरोसा बरकरार रखने के लिए सभी संभव प्रयास करेंगे। हमें अनुशासित रहना है। हमें एकजुट रहना है। उन्होंने कहा कि कुछ महीनों में महत्वपूर्ण राज्यों के चुनाव होने है, हमें हर कीमत पर विरोधी दलों को परास्त कर, अपनी सरकार बनानी है। लोग बदलाव चाहते है, हमें उनकी ताकत बनना होगा।

### बिहार: कांग्रेस, वामदल व VIP एकमत

# महागठबंधन तेजस्वी यादव के चेहरे पर लड़ेगा विस चुनाव




**एजेंसी** | पटना

बिहार में लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से उत्साहित विपक्षी गठबंधन इंडिया यानी विपक्षी दलों का महागठबंधन आगामी विधानसभा चुनाव पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के चेहरे पर लड़ेगा। राज्य में आरजेडी के सहयोगी कांग्रेस, तीनों वाम दल और मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) ने तेजस्वी के नेतृत्व में राज्य विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए हामी भर दी है।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजेश राठौर ने कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव हैं। कांग्रेस उनके नेतृत्व में ही बिहार में चुनाव में शामिल होगी। हालांकि, इसकी अधिकृत घोषणा चुनाव के दौरान की जाएगी। वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देवज्योति ने भी तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में शामिल होने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव एवं वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी की जोड़ी एक बार फिर लोगों को गोलबंद करेगी।

वामदलों में सीपीआई (माले), सीपीआई और सीपीएम भी पूरी तरह आरजेडी के साथ विधानसभा चुनाव में जाने को तैयार है। सीपीआई (माले) के मीडिया प्रभारी कुमार परवेज के अनुसार पिछले विधानसभा चुनाव में भी वामदल तेजस्वी यादव के साथ थे। उन्हें महागठबंधन के अंतर्गत ही चुनाव में 16 सीटें (सीपीआई (माले) 12, सीपीआई और सीपीएम 2-2) हासिल हुई थीं। नतीजतन, सीपीआई माले की बिहार विधान परिषद में भी एक सीट मिली।

ज्ञात रहे कि पिछले विधानसभा चुनाव में आरजेडी ने 76 सीटें हासिल की थी और बिहार में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। मगर, तब आरजेडी सत्ता से दो कदम दूर रह गई थी। इस बार समीकरण बदला हुआ है। तब लोजपा-आर के चिराग पासवान अकेले चुनाव मैदान में थे और उनके प्रदर्शन से एनडीए और खासकर जेडीयू को नुकसान हुआ था, जबकि इस बार वे सत्ता पक्ष के साथ हैं।

### बिहार: महागठबंधन की हार का ठीकरा राजद के सिर फोड़ा

# 'युवराज' के अहंकार से हारे: पप्पू यादव

**एजेंसी** | पटना

लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार में महागठबंधन को एनडीए से मिली हार का ठीकरा पप्पू यादव ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव पर फोड़ा है।

पप्पू यादव ने तेजस्वी का नाम लिए बिना कहा कि बिहार के युवराज के भीतर अगर अंहकार नहीं होता तो महागठबंधन 25 सीटें जीतता। अहंकार के कारण बिहार की दुर्गति हो गई। उन्होंने पूर्व तेजस्वी को यह भी नसीहत दी है कि वे मुख्यमंत्री



बनने का सपना देख रहे हैं, तो दिल बड़ा करना होगा।

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद चुने गए पप्पू यादव ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि एक व्यक्ति के चलते महागठबंधन अररिया, सुपौल, मधेपुरा, दरभंगा, मधुबनी जैसी सभी सीटें हार गया।

#### राहुल और प्रियंका को बताया आदर्श

पप्पू यादव ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को अपना आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि मेरी विचारधरा निश्चित रूप से राहुल गांधी प्रियंका गांधी जी की है। उन्होंने बिना नाम लिए महागठबंधन के नेताओं से सवाल पूछा कि जिस तरह से महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ा गया उस तरह से बिहार में चुनाव क्यों नहीं लड़ा गया?

### सोनिया व प्रियंका के कहने पर चुनाव लड़ा: विक्रमादित्य

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की कंगना रनौत से चुनाव हारने के बाद कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते थे। उन्होंने कभी टिकट की मांग नहीं की। उन्हें चुनाव लड़ाने का फैसला पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने लिया। उन्होंने कहा कि आपको मंडी से चुनाव लड़ना है।

### सपा के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक

# विस चुनाव की तैयारी में जुटें: अखिलेश

**एजेंसी** | लखनऊ

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा के चुनाव परिणामों ने सांप्रदायिकता को सदैव के लिए महत्वहीन कर दिया है।

भाजपा की मनमर्जी के खिलाफ जनता की मर्जी की जीत हुई है। अब हमें उत्तर प्रदेश में अपनी सरकार बनानी है। अब हमें साल 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी करनी होगी। इसके लिए सभी लोग अभी से जुट जाएं। अखिलेश यादव ने



यह बातें अपने नवनिर्वाचत सांसदों की बैठक में कहीं। बैठक में मैनपुरी से निर्वाचित डिंपल यादव और राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव व पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह और शिवपाल यादव खास तौर पर मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि पीडीए की रणनीति काम कर गई। भाजपा की नकारात्मक व नफरत की सियासत हार गई। हमारे सभी सांसदों ने बहुत परिश्रम किया है।

इस भीषण गर्मी में लगातार राहत-दिन मेहनत की है, जिससे परिणाम अच्छा रहा। हमने जनता के मुद्दे उठाए और जनता ने समझा। आज समाजवादी पार्टी सबसे ज्यादा सीट जीतकर देश की तीसरे नम्बर की पार्टी बन गई है।

### ममता बनर्जी ने मोदी सरकार के गठन पर बोला हमला... कहा-

# लंबे समय तक नहीं चलेगी नई सरकार... इंडिया ब्लॉक आएगा सत्ता में

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोदी 3.0 सरकार के गठन के पहले बड़ा हमला बोला है। ममता ने शनिवार को पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। बैठक के बाद पार्टी नेताओं ने ममता बनर्जी को फिर से पार्टी संसदीय दल चेयरपर्सन (प्रमुख) चुन लिया। इसके साथ ही ममता बनर्जी ने दावा किया कि यह सरकार लंबे समय तक नहीं चलेगी।

उन्होंने कहा कि अगले आने वाले दिनों में भाजपा के कई नेता पार्टी छोड़ेंगे, क्योंकि वह मोदी से खुश नहीं हैं। पार्टी की बैठक में कोलकाता उत्तर से सांसद सुदीप बंदोपाध्याय को फिर से लोकसभा



में पार्टी का नेता चुन लिया गया। इसके साथ ही डॉ. काकोली घोष दस्तीदार को लोकसभा में उपनेता, कल्याण बनर्जी को मुख्य सचेतक, डेरेक ओ ब्रायन को राज्यसभा में नेता, सागरिका घोष को उपनेता और नदीमुल हक को मुख्य सचेतक बनाया गया है। बैठक की शुरुआत में ममता ने पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों, विशेष रूप से उन सांसदों को बधाई दी जो पहली बार चुने गए हैं, जिनमें युसूफ पठान, रचना बनर्जी, मिताली बाग, जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया शामिल हैं। बैठक में पार्टी के लोकसभा सदस्यों के अलावा राज्यसभा सदस्य और जिला अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। ज्ञात रहे कि तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में अपना वर्चस्व कायम रखा है और पार्टी ने प्रदेश की 42 में से 29 लोकसभा सीट पर जीत हासिल की है। राज्य में, मुख्य विपक्षी दल भाजपा की सीटों की संख्या घट कर 12 रह गई, जबकि कांग्रेस को केवल एक सीट पर जीत मिली है।

- ममता बनर्जी फिर से बनी टीएमसी संसदीय दल की प्रमुख
- लोकसभा: सुदीप बंदोपाध्याय होंगे टीएमसी के नेता
- डॉ. काकोली घोष दस्तीदार को होंगी उपनेता
- कल्याण बनर्जी मुख्य सचेतक
- राज्यसभा: डेरेक ओ ब्रायन होंगे पार्टी नेता
- सागरिका घोष उपनेता व नदीमुल हक होंगे मुख्य सचेतक

#### अंततः बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार

ममता ने कहा कि एनडीए और इंडिया गठबंधन में अंतर है। जो लोग वहां हैं, उनकी मांगें अधिक हैं। लेकिन हम जो इंडिया गठबंधन में हैं, उन्हें कुछ नहीं चाहिए। हम लोगों का भला चाहते हैं, देश का भला चाहते हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि ये अब डरा-धमका कर 147 लोगों को निलंबित कर तिहाई बहुमत दिखाकर कोई भी बिल पास नहीं करा पाएंगे। इस अवसर पर सीएम ममता बनर्जी ने इडिया गठबंधन के नेताओं को कोलकाता आने आह्वान किया।

#### NRC को रद्द करने की करेंगे लोकसभा में मांग

ममता ने कहा कि हमारे लोग लोकसभा में एनआरसी पर चर्चा की मांग करेंगे। पार्टी एनआरसी रद्द करने करने की मांग करेगी। नई सरकार अंततः इंडिया गठबंधन की बनेगी। यह सरकार ज्यादा दिनों तक नहीं टक पाएगी। हम चुप बैठने वाले नहीं हैं। इंडिया ब्लॉक यह सब देख रहा है। हर कोई बदलाव चाहता है। इतने बड़े नुकसान के बाद मोदी को प्रधानमंत्री पद किसी और के लिए छोड़ देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि हरियाणा में विरोध कर रहे किसानों को समर्थन देने के लिए टीएमसी चार सदस्यीय दल हरियाणा भेजेगी।

#### 21 जुलाई को जनता को धन्यवाद देगी TMC

ममता ने कहा कि हम 21 जुलाई को जनता को धन्यवाद देंगे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अंतर होता है। हालाकि 2019 के चुनाव में टीएमसी 161 सीटों पर आगे थी। भाजपा 121 सीटों पर आगे थी। इस बार हम 192 सीटों पर आगे हैं। भाजपा सिर्फ 90 सीटों पर आगे रही है। कई जगह झूठ बोल रहे हैं और गलत आंकड़े दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई सीटों पर दो से तीन हजार वोट से हारे हैं। मेदिनीपुर पूर्व के नतीजे देखिए पूरी लूट हुई है। डीएम और आईसी बदल गए। केंद्रीय बलों ने सब कुछ किया है।

## जरूरी खबर

### मैं भारत में काम को इच्छुक: एलन मस्क



**नई दिल्ली।** अमेरिकी टेक अरबपति एलन मस्क ने लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत पर कार्यवाहक पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। मस्क ने कहा कि वे भारत में अपनी कंपनी का काम करने के लिए काफी उत्सुक हैं। 52 वर्षीय मस्क ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट में कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में आपकी जीत के लिए नरेंद्र मोदी आपको बधाई। मैं भारत में अपनी कंपनियों द्वारा काम किए जाने के लिए उत्सुक हूं। ज्ञात रहे कि इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के सीईओ द्वारा अप्रैल में बहुत भारी टेस्ला दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी।

### रावत लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित



**ग्रेडर नोएडा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रेडर नोएडा स्थित नोएडा एक्सपो मार्ट के सभागार में ग्रीन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट, बल्लभगढ़, रूट स्किल गुरुग्राम, पर्यावरण गतिविधि हरियाणा और ग्रीन सोसाइटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित वर्ल्ड इनवायरमेंट कान्फ्रेंस में वरिष्ठ पत्रकार एवं राष्ट्रीय पर्यावरण सुरक्षा समिति के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र रावत को प्रख्यात नदी-जल विशेषज्ञ कृष्ण गोपाल व्यास स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान रावत को बंकर मैन के नाम से विख्यात मेजर जनरल आर पाल ने प्रदान किया।

### J&K: पार्टी सिंबल के लिए मांगे गए आवेदन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि उसने इस केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव चिह्न के आवंटन के लिए पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों से आवेदन तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का फैसला किया है। अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में फिलहाल विधानसभा भंग है। इसलिए निर्वाचन आयोग ने चुनाव चिह्नों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने कहा कि मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के पास अपने आरक्षित चिह्न होते हैं।

## सेना को मिले नए युवा सैन्य अधिकारी



*देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में शनिवार को आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद भारतीय सेना को 355 युवा अधिकारी मिले। इसके अलावा मित्र देशों के 39 कैडेट भी अकादमी से प्रशिक्षण लेकर अपनी-अपनी सेना का हिस्सा बने हैं। सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचेंद्र कुमार ने परेड की सलामी ली। स्वार्ड ऑफ ऑनर व स्वर्ण पदक से प्रवीण सिंह, आगरा (उत्तर प्रदेश) को सम्मानित किया गया। वहीं, बिहार के ओटीए गया में शनिवार को रजत जयंती पासिंग आउट परेड के साथ ही सेना को 103 और असम राइफल्स को 15 अधिकारी प्राप्त हुए। परेड का निरीक्षण उपसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी व कमांडेंट ले. ज. परमजीत सिंह मिन्हास ने किया। चित्र में लेफ्टिनेंट जनरल सुचेंद्र कुमार पासिंग आउट परेड के दौरान ऑफिसर कैडेट को अवॉर्ड प्रदान करते हुए।*

## शेयर बाजार में गिरावट को लेकर SC में याचिका



**नई दिल्ली।** लोकसभा 2024 के चुनावों की मतगणना के दिन 4 जून को शेयर बाजार में अचानक आई भारी गिरावट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का केंद्र सरकार और भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी)को निर्देश देने की मांग की गई है। वकील विशाल तिवारी ने यह याचिका दायर की है। इसमें कहा गया कि लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों के बाद शेयर बाजार में एक और बड़ी गिरावट देखी गई। एग्जिट पोल से इसका गहरा संबंध है और इसकी जांच होनी चाहिए। याचिकाकर्ता ने कहा, 'शेयर बाजार में फिर से अस्थिरता देखने को मिली है। इससे फिर से नियामक तंत्र पर सवालिया निशान लग गया है। इस अदालत के निर्देश के बावजूद कुछ भी नहीं बदला है।

### मंत्री परिषद में हिस्सेदारी के लिए BJP व सहयोगी दलों में मंत्रणा

# मोदी 3.0 में बढ़ेगी बिहार की हिस्सेदारी, 8 मंत्री लेंगे शपथ!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली जीत के बाद रविवार को नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण के साथ कई केंद्रीय मंत्रियों के भी शपथ लेने की संभावना है। नई सरकार में राजग के विभिन्न घटकों के लिए मंत्रिपरिषद में हिस्सेदारी को लेकर भाजपा नेतृत्व और सहयोगी दलों के बीच गहन विचार-विमर्श चल रहा है।

नई मंत्री परिषद में बिहार को सर्वाधिक प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना है। इसमें भाजपा के अलावा राजग के घटक दल जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू), लोजपा (रामविलास) और हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) से भी मंत्री बनाए जाएंगे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए मोदी कैबिनेट 3.0 में बिहार को अधिक प्रतिनिधित्व मिलना तय है। राज्य से आधा दर्जन से अधिक मंत्री बनाए जा सकते हैं। फिलहाल 8 मंत्री बनाए जाने की चर्चा हैं।

केंद्र की पिछली मोदी सरकार में बिहार से पांच मंत्री थे। इसमें से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह चुनाव हार चुके हैं। केंद्रीय पर्यावरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे और रालोजपा सुप्रीमो पशुपति कुमार पारस ने इस बार चुनाव नहीं लड़ा। बाकी बचे दो मंत्रियों में गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय चुनाव जीत चुके हैं। इन दोनों को फिर मंत्री बनाए जाने की चर्चा है। भाजपा कोटे से दो और नए मंत्री बनाए जा सकते हैं। इसमें जातिगत समीकरणों को भी ध्यान में रखा जाएगा। भाजपा से राजपूत कोटे से मंत्री बनने वालों में जर्नादन सिंह सीग्रीवाल और राजीव प्रताप रूडी का नाम सबसे आगे चल रहा है। ब्राह्मण कोटे से दरभंगा के सासंद गोपालजी ठाकुर को मंत्री बनाए जाने की चर्चा है। वहीं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल का नाम भी संभावित मंत्रियों में होने की अटकलें हैं। बिहार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा भी कि मोदी कैबिनेट 3.0 में जेडीयू को तीन-चार मंत्री पद मिल सकते हैं। सूत्रों के अनुसार एनडीए के अन्य घटक दलों में से एक लोजपा-आर से पार्टी सुप्रीमो चिराग पासवान का मंत्री बनना तय माना जा रहा है। हम के संरक्षक और पूर्व सीएम जीतन राम मांझी को भी मंत्री बनाए जाने की चर्चा है। हालांकि शपथ ग्रहण के बाद ही पता चल सकेगा कि किस सांसद को मोदी सरकार 3.0 में मंत्री बनने का अवसर मिला।



### महिलाओं के उत्थान पर खास ध्यान

मोदी 2.0 में लोकसभा- विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने संबंधी विधेयक पारित करने समेत महिलाओं के कल्याण के लिए कई कदम उठाए गए। मोदी की राजग सरकार महिलाओं के कल्याण से जुड़ी योजनाओं को आगे भी प्राथमिकता दे सकती है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती बरकरार

मोदी 2.0 में भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान काफी तेज रहा। कई बड़े नेताओं पर कार्रवाई हुई। नई सरकार भी भ्रष्टाचार को लेकर सख्त रवैया जारी रख सकती है।

### जयंत चौधरी का मंत्री बनना तय

एनडीए सरकार में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी का मंत्री बनना तय माना जा रहा है। शपथ ग्रहण के लिए उनको बुलावा भी आया है। यदि जयंत मंत्री बनते हैं तो चौधरी परिवार दस साल बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल में दिखाई देगा। भाजपा से गठबंधन के वक्त ही एनडीए की सरकार बनने पर रालोद को एक मंत्री पत्र दिए जाने की बात तय हुई थी। मगर पुराने संसद भवन में एनडीए की बैठक में रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह के तीसरी पंक्ति में बैठने पर विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने सवाल उठाना शुरू कर दिया था कि रालोद को अब मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर संशय है। रालोद के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह से पहले दिन शनिवार को चौधरी जयंत सिंह के पास बुलावा आ गया है।

### बिहार: 'थ्री वन' फॉर्मूला तय, आठ मंत्री ले सकते हैं शपथ

सूत्रों के अनुसार बिहार के लिए सहयोगी दलों की भागीदारी का एक विशेष फॉर्मूला तय किया है। इसके तहत 3:3:1:1 के फॉर्मूले पर सहमति बनने की खबर है। इसके तहत भाजपा और जदयू से तीन-तीन और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और एलजेपी (रामविलास) से एक-एक मंत्री बनाए जाने की संभावना है। यानी जब रविवार को नरेंद्र मोदी के साथ बिहार से 8 मंत्री शपथ ले सकते हैं। इनमें भाजपा व जदयू से दो-दो कैबिनेट व एक- एक राज्य मंत्री बनाने की संभावना है।

### भाजपा से संभावित मंत्री

- जर्नादन सिंह सीग्रीवाल
- राजीव प्रताप रूडी
- गोपालजी ठाकुर
- डॉ. संजय जायसवाल

### JDU संभावित मंत्री

- राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह
- स्व. कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर
- कौशलेंद्र कुमार या सुनील कुशवाहा में से किसी एक को मंत्री पद संभव
- लोक जनशक्ति पार्टी से चिराग पासवान
- हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से जीतन राम मांझी को

### टीडीपी से चार मंत्री संभव

सूत्रों के अनुसार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले नए मंत्रिमंडल में चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी को चार मंत्रालय मिलने की संभावना है। टीडीपी की ओर से संभावित मंत्रियों में राम मोहन नायडू, हरीश बालयोगी और डग्गुमल्ला प्रसाद के नाम चर्चा में हैं। ज्ञात रहे कि शनिवार को कैबिनेट में मंत्रालयों को लेकर एनडीए की बैठक हुई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में टीडीपी ने आंध्र प्रदेश में 16 लोकसभा सीटें जीतने के बाद चार मंत्रालय और संसद के स्पीकर का पद मांगा है। हालांकि अभी तक इसे लेकर आधिकारिक रूप से किसी भी पार्टी ने कुछ नहीं कहा है।

### मणिपुर में फिर हिंसा की घटनाएं

# उग्रवादियों ने दो पुलिस चौकियों समेत 70 घर फूंके



**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर के जिरीबाम जिले में उग्रवादियों ने शनिवार को एक समुदाय के 70 से अधिक घर जला दिए। उग्रवादियों ने दो पुलिस चौकियों, वन विभाग के कार्यालय में भी आग लगा दी। हिंसा के बाद जिरीबाम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) का तबादला कर दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षाकर्मियों की सहायता के लिए 70 से अधिक राज्य पुलिस कमांडो की टुकड़ी को इंफाल से जिरीबाम भेजा गया है। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को क्षेत्र में तैनात किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि मैतेयी समुदाय के करीब 239 लोगों को शुक्रवार को जिले के खेल परिसर में बनाए गए राहत शिविर में ले जाया गया है। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों द्वारा गुरुवार रात एक व्यक्ति की हत्या कर दिए जाने के बाद हिंसा भड़की है। जिरीबाम में गुरुवार रात सोइबाम सरतकुमार सिंह का शव मिला था। शव पर जख्म के कई निशान थे। इसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। जिरीबाम और आसपास के तामेंगलोंग जिलों में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है।

### वन विभाग के कार्यालय में भी आगजनी

वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक उग्रवादियों ने लमताई खुनौ, डिबोंग खुनौ, नुनखाल और बेगरा गांवों में 70 से अधिक घरों को आग लगा दी। शनिवार सुबह उग्रवादियों ने जिरीमुख और चोटो बेकरा की पुलिस चौकियों और वन विभाग के गोआखाल कार्यालय में भी आगजनी। आगजनी के कुछ घंटों बाद राज्य सरकार ने जिरीबाम के एसपी ए. घनश्याम शर्मा का मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज के अतिरिक्त निदेशक के पद पर तबादला कर दिया। एम. प्रदीप सिंह जिरीबाम जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभालेंगे। जो वह पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज के अतिरिक्त निदेशक के रूप में कार्यरत थे।

### लोगों के जीवन की रक्षा करने का आग्रह

इस बीच, भीतरी मणिपुर लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने राज्य सरकार से जिरीबाम जिले के लोगों के जीवन की रक्षा करने का आग्रह किया है।


### मंगलयान-2 के प्रक्षेपण की तैयारी

# भारत की मंगल ग्रह पर रोवर और 'हेलिकॉप्टर' उतारने की तैयारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो चंद्रयान और मंगलयान की सफलता के बाद अब मंगल ग्रह पर वापसी करने की तैयारी कर रहा है। मंगलयान-1 मिशन के जरिए इसरो ने मंगल ग्रह के ऑर्बिट का अध्ययन किया था। वहीं, मंगल ग्रह के अगले मिशन मार्स ऑर्बिटर मिशन-2 (एमओएम-2), या मंगलयान-2 से इसरो लाल ग्रह के और भी रहस्यों के बारे में पता लगाएगा।

इस मिशन का लक्ष्य मंगल की सतह पर एक रोवर और हेलिकॉप्टर उतारना है। इस मिशन के मॉडल को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के मौके पर स्पेस ऐप्लीकेशन सेंटर पर दिखाया गया। अगर यह मिशन सफल रहा तो भारत अमेरिका और चीन के बाद मंगल पर यान उतारने वाला तीसरा देश बन जाएगा। मंगल ग्रह पृथ्वी से लगभग 22.5 करोड़ किलोमीटर दूर है और वहां पहुंचना कई महीनों का लंबा सफर होगा।



मंगलयान-2 मिशन के तहत इसरो का रोवर एक नए तरीके से सतह पर लैंड करेगा। एयरबैग और रैंप जैसे पुराने तरीकों की बजाय इसरो एक खास 'आकाश क्रेन' की मदद से रोवर को धीरे से मंगल की सतर पर उतारेगा। ये एडवांस आकाश क्रेन टेक्नलॉजी ये सुनिश्चित करेगी कि सतह कितनी ही ऊबड़-खाबड़ क्यों न हो रोवर सुरक्षित और सही जगह पर उतरे। यह तकनीक शायद आने वाले बीस सालों में मंगल ग्रह पर मानव को उतारने के लिए भी इस्तेमाल की जा सकती है।

### कम्युनिकेशन सैटेलाइट का होगा प्रक्षेपण

इसरो रोवर और हेलिकॉप्टर के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने के लिए मुख्य मिशन से पहले एक रिले कम्युनिकेशन सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना बना रहा है। यह सैटेलाइट मंगल और पृथ्वी के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेगा, जिससे डेटा का निरंतर प्रवाह और मिशन कंट्रोल सुनिश्चित होगा। मंगलयान-2 को इसरो के अब तक के सबसे शक्तिशाली रॉकेट लॉन्च व्हीकल मार्क-III (एलवीएम 3) से प्रक्षेपित किया जाएगा।

### बन रहा सुपरसोनिक पैराशूट

इस मिशन के लिए एक सुपरसोनिक पैराशूट भी बनाया जा रहा है। मंगल का वातावरण पृथ्वी के वातावरण से 1% ही घना है, इसलिए वहां पर सामान्य पैराशूट काम नहीं करते। यह सुपरसोनिक पैराशूट बहुत तेज गति पर खुल जाएगा, जिससे रोवर तेजी से नीचे आने की रफ्तार को कम कर सकेगा। इससे जमीन से टकराने पर पैदा होने वाला घर्षण भी कम होगा और रोवर सुरक्षित तरीके से उतरेगा। अमेरिका ने 2021 में अपने रोवर को मंगल पर उतारने के लिए भी इसी तरह के पैराशूट का इस्तेमाल किया गया था।

### मिशन का खास हिस्सा होगा हेलिकाप्टर

मिशन मंगलयान का सबसे खास हिस्सा होगा इसका हेलिकॉप्टर। ये खास तरह का हेलिकॉप्टर है, जिसे मंगल ग्रह जैसे वातावरण में उड़ान भरने के लिए ही तैयार किया जा रहा है। 'मार्शियन बाउंड्री लेयर एक्सप्लोरर' (MarBLE) नाम की ये खास मशीन 100 मीटर की उड़ानों के दौरान मंगल के वातावरण का अध्ययन करने के लिए वैज्ञानिक उपकरण ले जाएगी।

## अनामिका बनीं नौसेना की पहली महिला पायलट

**अरक्कोणम।** सब-लेफ्टिनेंट अनामिका बी. राजीव ने नौसेना की पहली महिला हेलिकॉप्टर पायलट बनकर इतिहास रचा है। उन्होंने नौसेना की हेलिकॉप्टर पायलट के रूप में शुक्रवार को स्नातक की उपाधि प्राप्त की। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के पहले कमीशन प्राप्त नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट जामयांग त्सेवांग ने भी हेलिकॉप्टर पायलट के रूप में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा, पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने बेसिक हेलिकॉप्टर कन्वर्जन कोर्स (बीएचसीसी) के तीन अधिकारियों सहित 21 अधिकारियों को 'गोल्डन विंग्स' से सम्मानित किया।

‘एकोज ऑफ ट्रेडिशन’ में रांची, कोलकाता, पुणे और नेपाल के कलाकारों की प्रस्तुति

# कृष्ण की रास लीला, कालिया दमन और गो प्रेम कैनवास पर

बेधड़क, जयपुर। जयपुर में कलाकारों ने कृष्ण और गोपियों के साथ अठखेलियां और कालिया दमन जैसे दृश्यों को कैनवास पर जीवित किया तो कला प्रेमी रोमांचित नजर आए। मौका था आर्ट एग्जीबिशन ‘एकोज ऑफ ट्रेडिशन’ का, जो आमेर रोड स्थित आईसीए आर्ट गैलरी में लोगों को खींच लाई। प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि आईएएस पीसी किशन, ठाकुर दुष्यंत सिंह नायला, हेमेंद्र सिंह वेदसा, आईसीए आर्ट गैलरी से अभिनव बंसल ने शुरुआत की। इस मौके पर एग्जीबिशन क्यूरेटर हेम राणा और जसबीर कौर उपस्थित रहे।





### दिखा देश-दुनिया के कलाकारों का क्रिएशन

प्रदर्शनी में पुणे से आर्टिस्ट मनोज दारेकर, रमेश गुर्जर और विवेक निम्बोलकर, रांची से सीआर हेमब्रम, नेपाल से एससी सुमन और कोलकाता से किशोर रॉय ने 30 कलाकृतियां प्रदर्शित कीं।

### संथल ट्राइब की परेशानियों ने किया भावुक

रांची के आर्टिस्ट सीआर हेमब्रम ने झारखंड में रहने वाले संथल समुदाय की दुख और परेशानियों को कला से दर्शाया तो कला प्रेमी भावुक नजर आए। उन्होंने उस जनजाति में होने वाले मानव पीड़ा, मानव तस्करी, महिला शोषण जैसे गंभीर विषयों को कंटेम्प्ररी आर्टफॉर्म पर मिक्स मीडियम से कैनवास पर उतारा। पुणे से आर्टिस्ट मनोज दारेकर ने 4 आर्टवर्क्स में रोजगार और कॅरियर के लिए शहर-शहर घूमने वाले प्रवासियों के मनोभाव को दर्शाया। इसमें ग्रामीण से शहरी बदलावों, परिदृश्यों और संस्कारों के बदलाव को एब्स्ट्रैक्ट आर्टफॉर्म से दिखाया। आर्टिस्ट विवेक निम्बोलकर ने प्रकृति से प्रेरित होते हुए अपनी कला में कुदरती रंगों का इस्तेमाल किया है, जिसमें टेक्सचर पेंटिंग खास रही।



### कृष्ण के बाल रूप का दर्शन

दूसरी ओर आर्टिस्ट रमेश गुर्जर ने तालबद्ध स्टाइल और फिगरेटिव आर्टवर्क से कृष्ण बाल रूप को दर्शाया। साथ ही आर्टिस्ट किशोर रॉय ने ट्रेडिशनल आर्टफॉर्म से कृष्णा सीरीज को दर्शाया, जिसमें रास लीला, कालिया दमन और कृष्ण गौ प्रेम उकेरा गया। साथ ही एस. सी सुमन ने अपनी पेंटिंग्स के जरिए कृष्ण जन्म और गोपी कृष्ण की अठखेलियों को कैनवास पर सजीव किया। एग्जीबिशन का समापन 30 जून को किया जाएगा।



## शाहिद बनेंगे ‘शिवाजी महाराज’



**बेधड़क. जयपुर।** शरद केलकर और महेश मांजरेकर के बाद अब शाहिद कपूर छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाने जा रहे हैं। सुनने में आया है कि एक्टर जल्द ही ‘ओएमजी 2’ फेम डायरेक्टर अमित राय की अगली फिल्म में शिवाजी के रोल में नजर आएंगे। शाहिद के अलावा मेकर्स ने इस फिल्म के लिए राणा दग्गुबती को भी अप्रोच किया है। वो इसमें औरंगजेब के किरदार में नजर आ सकते हैं। यह फिल्म दिसंबर 2024 तक फ्लोर पर जा सकती है। इसे साउथ के मशहूर प्रोड्यूसर दिल राजू प्रोड्यूस करेंगे। पिंकविला की एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म में औरंगजेब के रोल के राणा डायरेक्टर अमित की पहली पसंद हैं। हालांकि, अभी इस पर फाइनल डिस्कशन होना बाकी है। शाहिद भी इस किरदार के लिए बेहद एक्साइटेड हैं।

## राकेश बेदी शेयर करेंगे जर्नी



**बेधड़क. जयपुर।** रवींद्र मंच पर 17वें कोलाज ऑफ किलकारी के कल्मिनेशन में इस बार फिल्म-थिएटर एक्टर, डायरेक्टर, राइटर राकेश बेदी रूबरू होंगे। रविवार को राकेश बेदी जयपुर में होंगे और अपनी जर्नी शेयर करेंगे। कला संस्कृति विभाग राजस्थान, ललित कला अकादमी, क्यूरियो चिल्ड्रंस थिएटर, रवींद्र मंच और हिमालयीय यूनिवर्सिटी उत्तराखंड की ओर से आयोजित कोलाज ऑफ किलकारी में बच्चे विभिन्न एक्टिविटी कर रहे हैं। ऐसे में शाम 5 बजे लगभग 90 स्टूडेंट्स रवींद्र मंच पर आउटडोर और मुख्य मंच पर क्रिएटिव नाट्य प्रस्तुतियां देंगे।

## जैन मंदिरों में गूंजेंगे जयकारे

**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के 15वें तीर्थंकर भगवान धर्मनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव सोमवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना होगी। सुबह धर्मनाथ भगवान के जलाभिषेक व पंचामृत अभिषेक किए जाएंगे। विश्व में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए मंत्रोच्चार के साथ शांति धारा की जाएगी। अष्ट द्रव्य से पूजा करते हुए निर्वाणोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें निर्वाण काण्ड भाषा के वाचन पश्चात मोक्ष कल्याणक का अर्घ्य व निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। महाआरती के बाद समापन होगा।

## City इवेंट्स

### सफाई कर लिया हरियाली का संकल्प



**बेधड़क. जयपुर।** टीम 10 ट्री एंबुलेंस ने शनिवार को विद्याधर नगर के सेक्टर 9 बिजलीघर से स्टेडियम की ओर जाने वाली रोड साइड ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण और श्रमदान किया। दूसरे ग्रुप ने दीवारों पर और रेलिंग पर रंग किया तो कॉलोनी के लोहे के गेट पर ऑयल पेंट किया गया। साथ ही श्रमदान करते हुए सीमेंट की बेंच पर पेंट करते हुए उनको ठीक किया। गर्मी के चलते ग्रुप ने बड़े पानी के टैंकर्स से पानी पेड़ों में डाला और विभिन्न गलियों से पिकअप द्वारा मलवा उठाकर साफ-सफाई का काम करते हुए लोगों को अवेयर किया।

### ब्यूटी कांटेस्ट का पोस्टर लॉन्च कल

**बेधड़क. जयपुर।** इंटरनेशनल ट्रांसजेंडर प्राइड मंथ के अवसर पर श्री हरि वैश्विक वैष्णव सेवा संस्थान की ओर से ट्रांस गॉट टैलेंट एंड ब्यूटी कांटेस्ट का आयोजन किया किया जाएगा। कार्यक्रम को खनक चित्रा एंटरटेनमेंट द्वारा मैनेज किया जाएगा। रंगारंग कार्यक्रम में देश के सभी प्रदेशों के प्रतिभागियों की एक मंच पर प्रस्तुति होगी। ट्रांस समाज को उसके अधिकारों व योग्यता के बारे में जाग्रत करने के उदेश्य से होने जा रहे कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन सोमवार को जयपुर में किया जाएगा।

### रवीन्द्र मंच पर कला शिविर आज से




**बेधड़क. जयपुर।** रवीन्द्र मंच और कलावृत्त संस्थान की ओर से रविवार से दो दिवसीय कला शिविर की शुरुआत की जाएगी, जिसमें 22 चित्रकार पेंटिंग का लाइव डेमोंस्ट्रेशन देंगे। शीर्ष तीन चित्रकारों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। अन्य सभी चित्रकारों को प्रतिभागिता के लिए प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। मंच प्रबंधक सोविला माथुर ने बताया कि सन 1982 में रवीन्द्र नाथ टैगोर की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसके मद्देनजर 9-10 जून को शिविर होगा।

‘वुमन स्पेशल’ का पोस्टर लॉन्च, 20 को होगा प्रोग्राम

## महिलाए दिखाएंगी स्टोरी टेलिंग गायन और कॉमेडी की प्रतिभा



बेधड़क | जयपुर

विनीत जैन क्रिएशन्स, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के सहयोग से ओपन माइक लीग वुमन स्पेशल क्रिएटिविटी और सशक्तिकरण के प्रतीक कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

प्रोग्राम के पोस्टर का विमोचन शनिवार को सहकार मार्ग स्थित राजस्थान जैन युवा महासभा प्रदेश कार्यालय पर किया गया। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, प्रोग्राम कोर्डिनेटर मृदुला पाटनी, नीतू जैन मुल्तान, प्रेरणा चंदीरानी, आकांशा मीना सहित लोग उपस्थित रहे। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि कार्यक्रम 20 जून दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक अपेक्स मॉल के कोड ब्लैक रेस्टोरेंट में और 4 जुलाई को जे एल एन मार्ग पर रॉयल जयपुर रेस्टोरेंट में आयोजित किया जाएगा। कोर्डिनेटर मृदला पाटनी ने बताया कि यह एक इवेंट नहीं है बल्कि महिलाओं के लिए क्रिएटिव पहल है, जिसमें महिलाओं को उनकी गायन, कविता, स्टोरी टेलिंग, संगीत और स्टैंडअप कॉमेडी जैसे छुपी हुई प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। कोर्डीनेटर नीतू जैन मुल्तान ने बताया कि प्रोग्राम में सिंगिग, बीट बाक्सिंग, रेपिंग, इंस्ट्रूमेंटल, मिमिक्री, स्टेन्डअप कॉमेडी, पोएट्री, स्टोरी टेलिंग की कैटेगरी रखी गई है। प्रतिभागियों को 11 हजार की नकद राशि पुरस्कार के लिए दी जाएगी।

श्रुति मिश्रा के निर्देशन में 10 शिष्यों ने दी प्रस्तुति

## फ्यूजन कथक में पेश की गतभाव लय और कथक की बारीकियां



बेधड़क | जयपुर

नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में कथक गुरु श्रुति मिश्रा ने अपने भावपूर्ण कथक नृत्य से जयपुर के शुद्ध कथक की बारीकियों को बड़ी खूबसूरती से पेश किया। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि गुरु श्रुति मिश्रा के निर्देशन में 10 शिष्यों ने कार्यक्रम की शुरुआत राजस्थान की सुप्रसिद्ध मांड केसरिया बालम आवो नी पधारो म्हारे देश से की। इसके बाद शुद्ध जयपुर कथक में आमद, तिहाईयां, परण, चक्करदार परणे और गतभाव, तत्कार की प्रस्तुति से जयपुर कथक को साकार किया गया।

कलाकारों ने मीरा के भजन म्हारा जूना जोशी सांवरो मिलन कद होसी और छाप तिलक सब छोड़ी रे मोसे से नैना मिलाके की प्रस्तुति से श्रोताओं को मोहित किया। कार्यक्रम में याशवि पाटनी, झनक अग्रवाल, आशविका जैन, अनवी अग्रवाल, आवया जैन, शैरेया जैन, साधिया जैन, अविका जैन, जिनिशा जैन और आरोही अग्रवाल के नृत्य में लयकारी, ताल व गतभाव की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम का संयोजन कलाकार नवल डांगी ने किया तो कैमरा मनोज स्वामी ने संभाला। संगीत सागर गढ़वाल व मंच सज्जा जीवितेश और अंकित शर्मा नोनू की रही।

कथा | श्रीगोविन्द देवजी मंदिर के सत्संग भवन में ‘नानी बाई रो मायरो’

## जो पूर्ण समर्पित हो जाता है उसकी गाड़ी दौड़ा देते हैं भगवान

बेधड़क | जयपुर

आराध्य देव श्रीगोविन्द देवजी मंदिर के सत्संग भवन में चल रहे त्रिदिवसीय ‘नानी बाई रो मायरो’ की कथा में प्रिया किशोरी ने कहा कि जो भगवान को पूर्ण समर्पित हो जाता है उसकी गाड़ी भगवान ही दौड़ा देते हैं। नरसीजी के बूढ़े बैल और टूटी गाड़ी में भगवान भरोसे नगर अंजार को जा रहे हैं। कुमकुम पत्री में नानी बाई के ससुराल वालों ने उनका मखौल उड़ाने के लिए 80 मन तो मोहर मांगी और करोड़ रुपया रोकड़ी, सोने के दो भाटे (सिल्ली) मांगी। नरसीजी ने बिना पढ़े ही कुमकुम पत्री भगवान को समर्पित कर दी। जो काम हमारे हाथ में नही हो उसे भगवान पर छोड़ देना चाहिए।






### सास बहू से करे अच्छा व्यवहार

उन्होंने कहा कि हम लोग बेटी को हमेशा से परिवार से अलग करते आए हैं। शादी को कितने भी साल हो जाएं जमाई कभी-भी अपने ससुराल को अपना घर नहीं मानता है, जबकि बेटी शादी के अगले दिन से ही ससुराल को अपना घर मान लेती है। आज घरों में महिलाएं ही एक-दूसरे से झगड़ रही हैं। सास जब बहू बनकर आई थी तब उनके साथ में बुरा व्यवहार किया गया था। आज वह अपनी बहु के साथ बुरा व्यवहार कर रही है। उन्हे चाहिए कि वह एक-दूसरे के साथ अच्छा व्यवहार करें।

### आकर्षण का केन्द्र रही झांकी

उन्होंने भक्तों से कहा कि जिंदगी के फैसले कभी-भी दुनिया के भरोसे मत लेना। दुनिया क्या कहेगी? यह सोचकर फैसला मत लेना। दुनिया नई बात को 9 दिन तक करती है और बहुत हुआ तो बात 12 दिन तक चलती है। उसके बाद फिर उन्हें करने के लिए कोई नई बात मिल जाती है। एक दुखी व्यक्ति को कभी-भी कोई ज्ञान समझ में नहीं आता है। जब भी आप दुखी हो तो कभी-भी खाली मत बैठो। अपने आपको व्यस्त बना कर रखो। इस मौके पर कथा प्रसंग के तहत आकर्षक झांकी सजाई गई, जो आकर्षण का केन्द्र रही।

तुम सिर्फ़ अपने आप से मत हारना, फिर कोई दूसरा भी तुम्हें नहीं हरा पाएगा।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किया बयान

# गाज़ा में अब तक 36,731 लोगों की मौत



**एजेंसी** | तेल अवीव

गाजा में फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 36,731 हो गई है। गाजा स्थित हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि गाजा पट्टी पर चल रहे इजराइली-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी पर इजराइली सुरक्षाबलों के हमलों में फिलिस्तीनियों की मौत की संख्या बढ़कर 36,731 हो गई है, जबकि 83,530 लोग घायल हो गए हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान इजराइली सुरक्षाबलों के हमलों में 77 लोगों की मौत हो गई और 221 अन्य को घायल कर दिया, जिससे पिछले साल अक्टूबर में फिलिस्तीनी-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 36,731 हो गई और 83,530 लोग घायल हो गए हैं।

सुरक्षाबलों द्वारा की गई भारी बमबारी और बचाव दल की कमी होने के कारण कुछ लोग अभी भी मलबे में दबे हुए हैं।

### 24 घंटों में 77 की मौत, 221 घायल

स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान इजराइली सुरक्षाबलों के हमलों में 77 लोगों की मौत हो गई और 221 अन्य को घायल कर दिया। सुरक्षाबलों द्वारा की गई भारी बमबारी और बचाव दल की कमी होने के कारण कुछ लोग अभी भी मलबे में दबे हुए हैं।

### आतंकियों को निशाना बनाने का दावा

दूसरी ओर, इजराइली सेना का कहना है कि उसके हवाई हमलों ने वहां छिपे हमास आतंकवादियों को निशाना बनाया है। मीडिया कार्यालय के बयान के अनुसार गाजा में अब तक 150 UNRWA स्कूलों पर इजराइली सुरक्षाबल ने हमला किया है। इन्हीं स्कूलों को लोगों के लिए शरणार्थिओं के लिए राहत शिविर बनाया गया था।

### हमास के कब्जे से 4 को जिंदा छुड़ाया

इजराइल ने गाजा के नुसरत में चलाए गए एक बड़े ऑपरेशन में हमास के कब्जे से चार बंधकों को छुड़ाने में सफलता हासिल की है। इन चारों के नाम नोआ अर्गामानी (25), अल्मोग मीर (21), एंड्री कोजलोव (27) और श्लोम जिव (40) हैं।'

### नुसरत में दो जगहों पर मिले बंधक

यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार बंधकों को शिन बेत और यमम ब्रिगेड ने नुसरत में चलाए गए ऑपरेशन में दो अलग-अलग स्थानों से बचाया। बताया गया कि बंधकों की हालत ठीक है और आगे की चिकित्सा जांच के लिए शेबा मेडिकल सेंटर में भेजा गया है। IDF ने कहा है कि बंधकों को वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

### डेनमार्क में हुई घटना से यूरोप में मची खलबली...

# PM फ्रेडरिक्सन पर 1 शख्स ने किया हमला

■ चुनाव प्रचार के लिए निकली थीं प्रधानमंत्री

### हमले में मेटे को नहीं आई चोट



**सुरक्षाकर्मी तुरंत पीएम को ले गए**

प्रधानमंत्री को हमले के बाद सुरक्षाकर्मियों द्वारा ले जाया गया। यह हमला डेनमार्क के यूरोपीय संघ के चुनाव में मतदान से दो दिन पहले हुआ है। तीन सप्ताह पहले, स्लोवाकिया में भी इसी तरह का हमला हुआ था जब वहां के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर हमला किया गया था। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

**एजेंसी** | कोपेनहेगन

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर शुक्रवार को कोपेनहेगन में एक शख्स ने हमला कर दिया। हालांकि इस हमले में प्रधानमंत्री को कोई चोट नहीं आई है, तुरंत ही उन्हें वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया।

एक स्थानीय निवासी ने मीडिया को बताया कि हमले में फ्रेडरिक्सन को किसी तरह की चोट नहीं लगी है। उनके कार्यालय ने बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए एक बयान में कहा, 'प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर शुक्रवार शाम को कोपेनहेगन के कुल्टोरवेट (स्क्वायर, रेड) में एक शख्स ने हमला किया, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। प्रधानमंत्री इस घटना से स्तब्ध हैं।' इतना ही नहीं, समूचे यूरोप में इस घटना को लेकर खलबली मच गई है।

पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उन्होंने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और घटना की जांच की जा रही है। पुलिस ने और अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। जिस जगह यह घटना घटी, वहां पर काम करने वाले सोरेन केजरगार्ड नाम के एक शख्स ने बताया, "एक शख्स आया और उसने प्रधानमंत्री के कंधे पर जोर से धक्का मारा, जिसके बाद वह एक तरफ गिर गईं। घटना के बाद वह थोड़ी तनावग्रस्त लग रही थी।

### चुनाव से दो दिन पहले हुआ हमला

यह हमला 9 जून को होने वाले यूरोपियन यूनियन चुनाव से ठीक पहले हुआ है। डेनिश PM फ्रेडरिक्सन सोशल डेमोक्रेट्स यूरोपीय संघ के प्रमुख उम्मीदवार क्रिस्टेल शाल्डेमोस के साथ प्रचार कर रही हैं। डेनमार्क के पर्यावरण मंत्री मैग्नस ह्यूनिके ने एक्स पर कहा, 'मेटे स्वाभाविक रूप से हमले से सदमे में हैं। मैं इतना ही कहूंगा कि इस घटना ने उनके सभी करीबियों को झकझोर कर रख दिया है।'

### मोदी और ताइवानी राष्ट्रपति की बातचीत पर भड़का चीन

# ताइवान ने ड्रैगन को दिखा दिया आईना





**ताइपे/नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की लगातार तीसरी बार जीत के बाद ताइवान के राष्ट्रपति और नरेंद्र मोदी के बीच सोशल मीडिया पर हुई बातचीत को लेकर चीन चिढ़ा हुआ है।

ताइवान के राष्ट्रपति की बधाई पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया को लेकर चीन ने कड़ा विरोध जताया। अब ताइवान ने चीन की इस हरकत पर ऐतराज जताया है। दरअसल, चीन ने कहा था कि भारत को ताइवान के राजनीतिक तिकड़मबाजी से दूर रहना चाहिए। चीन, ताइवान को विद्रोही प्रांत के तौर पर देखता है, जिसका किसी भी कीमत पर मेनलैंड (चाइना) में विलय होना चाहिए, फिर चाहे वह बलपूर्वक ही क्यों ना हो।

ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि दोनों नेताओं (लाई चिंग और मोदी) के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत पर चीन का प्रतिरोध बिल्कुल गलत है। धमकियों से दोस्तियां नहीं होती। ताइवान, भारत के साथ साझेदारी बढ़ाने को लेकर समर्पित है। ये संबंध परस्पर लाभ और साझा मूल्यों पर आधारित हैं।

### NDA की जीत पर खुश पाकिस्तानी व्यवसायी...

# लगाई PM मोदी की तारीफों की झड़ी

■ कहा-मोदी द. एशिया में स्थिरता की गारंटी





**आपसी रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद**

उन्होंने कहा कि मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने से पाकिस्तान के लोगों को उम्मीद है कि भारत के साथ उनके रिश्ते बेहतर होंगे। एक सवाल के जवाब में तरार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक उनकी ओर से कोई बधाई संदेश नहीं आना निराशाजनक है। उन्होंने कहा, "मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं, बल्कि वह पाकिस्तान के लिए भी अच्छे हैं। उन पर इस्लाम विरोधी और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।" उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ रिश्ते बेहतर होंगे और दोनों दक्षिण एशियाई देशों के बीच व्यापार में वृद्धि होगी।

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तानी मूल के एक अमेरिकी व्यवसायी ने दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफल संचालन पर भारत के लोगों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थिरता की गारंटी हैं।

पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने कहा, "मैंने हमेशा कहा है कि भविष्य में भारत की स्थिरता के लिए मोदी का नेतृत्व आवश्यक है जो कई दलों को आने और संविधान को अस्थिर करने से रोकेगा। मोदी का नेतृत्व भारत की स्थिरता और भारत के भविष्य की गारंटी है।"

### लोकतंत्र की ताकत दिखी

उन्होंने कहा, "मोदी एक अनुभवी नेता हैं, जिन्होंने ब्रिक्स और जी-20 जैसे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर काम किया है।" भारत में आम चुनावों के सफल समापन पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा, "यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और भारतीय लोकतंत्र की ताकत और लचीलेपन का प्रमाण है।" उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती पर संदेह करने वालों को चुनावों ने चुप करा दिया है। उन्होंने कहा, "भारत का लोकतंत्र मजबूत साबित हुआ है, यहां तक कि अमेरिका से भी ज्यादा मजबूत।"




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl